दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | राजनीति सरगर्मी

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 23 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 114 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

विपक्ष के 109 आरोपों पर 13 घंटे चली चर्चा, अविश्वास प्रस्ताव गिरा

रायपुर/नवप्रदेश। अब तक का सबसे कमजोर अविश्वास प्रस्ताव आखिरकार स्वतः ही ध्वस्त हो गया। वोटिंग की नौबत भी सदन में नहीं आई क्योंकि विपक्ष द्वारा सत्ता पक्ष पर मढ़े गए 109 आरोपों का जवाब सत्ता पक्ष ने डटकर दिया। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से रात 1 बजे तक अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा चली। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पावस सत्र के अंतिम दिन भूपेश सरकार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पर 13 घंटे चली चर्चा। विपक्षी दाल के सदस्यों ने जमकर आरोप लगाए लेकिन जवाब भी सत्ता पक्ष ने ऐसे दिया कि विपक्षी प्रस्ताव के आखिर में सीएम भूपेश बघेल के भाषण के बीच ही नारेबाजी करते हुए बिना अविश्वास मत करवाए वॉकआउट कर दिया और स्वतः ही उनका प्रस्ताव सदन में गिर गया। 109 आरोप के साथ दोपहर 12 बजे शुरू हुई चर्चा रात 1 बजे तक चलती रही जबकि अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

परिवर्तन केवल सत्ता के लिए नहीं होना चाहिए : भूपेश बघेल

सीएम भूपेश बघेल ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में कहा कि विपक्ष की ओर से पेश अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दों में कोई तथ्य नहीं है। प्रजातंत्र में विपक्ष का अधिकार होता है कि वे अविश्वास करे। सत्ता पक्ष के पास भी मौका होता है कि अपनी बात रखें। इन्होंने 109 आरोप लगाए पर कोई तथ्य नहीं दिए। पहले जब अविश्वास प्रस्ताव आता था तब नक्सली समस्या पर पहले बात होती थी। इस बार सदस्यों ने नहीं की। ये हमारी उपलब्धि है। पहले बस्तर में सड़कें काट दी जाती थी। आज सड़कें काटी नहीं जाती, ये परिवर्तन बस्तर में देखने को मिला है। सीएम ने कहा कि आप इंद्रावती के उस पार गए क्या ये संभव था। ये इसलिए हुआ कि इस समस्या पर काम हुआ। अभी भेंट मुलाकात में बस्तर में रात रुका, सभी से मिला। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

... इससे अच्छा तो प्रश्नकाल!

सुकांत राजपूत। विधानसभा सत्र के दौरान संख्या बल में भले ही विपक्ष कमजोर है, लेकिन सत्ता पक्ष को अपने सवालों और अनुभव से हमेशा धोबी पछाड़ देने वाले दिग्गज अविश्वस प्रस्ताव में लुंजपुंज नजर आए। मीडिया से लेकर सियासी गलियारों तक और सूबे से लेकर सदन तक यही चर्चा है। 13 घंटे तक चले अविश्वास प्रस्ताव के दौरान विपक्षी दिग्गजों के परफॉरमेंस का आंकलन शुरू हो गया है। अविश्वास प्रस्ताव के 109 बिंदुओं, विपक्ष के दिग्गजों का सत्ता पक्ष पर लगाए गए आरोपों को अब तक का सबसे नीरस, उबाऊ और नवसीखियापन लिए हुए दिखा। भूपेश सरकार को घेरने के लिए लगाए गए आरोपों में भी वो मजबूती नहीं दिखाई दी जो सत्र के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम व्यक्ति पर प्रहार नहीं, व्यवस्था पर सवाल कर रहे : चंदेल

अविश्वास प्रस्ताव के दौरान विपक्ष ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अविश्वास प्रस्ताव के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने कहा सरकार दिशाहीन है। संविधान की शपथ को तार-तार कर दिया। राज्य में क्या माहौल है, चुनाव के पहले होर्डिंग लगे थे कि वक्त है बदलाव का। आज जनता कहती है कि वक़्त है पछताव का। पैर के नाखून से सिर के बाल तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं। हम व्यक्ति पर प्रहार नहीं कर रहे, हम व्यवस्था पर सवाल कर रहे हैं। आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है। अमानक दवाओं की ख़रीदी की जा रही है। हमने इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया है कि प्रशासन का राजनीतिककरण हो गया है और राजनीति का आपराधीकरण। बिलासपुर में रेत माफिया नदियों का चीरहरण कर रहे हैं। अरपा नदी का बारह फीट गड्ढा खोद दिया गया और तीन बच्चियों की मौत हो गई। पूरे राज्य में अपराध की बाढ़ आ गई है, अपराधियों को कौन संरक्षण दे रहा है? सरकार ने जनता का भरोसा खो दिया है, जनता की भावनाओं पर कुठाराघात किया गया। जशपुर में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाने वाली जनजाति के चार लोगों की भूख से मौत हो गई लेकिन सरकार का हेलीकॉप्टर वहाँ नहीं उतरा, सुदूर दत्तक पुत्रों का भी अविश्वास सरकार ने खो दिया है। पैर के नाखून से सिर के बाल तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं। हम व्यक्ति पर प्रहार नहीं कर रहे, हम व्यवस्था पर सवाल कर रहे हैं। आम आदमी के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है। अमानक दवाओं की ख़रीदी की जा रही है।

आईएएस रानू साहू गिरफ्तार, 3 दिनों की रिमांड में

रायपुर/नवप्रदेश। आईएएस रानू साहू को ईडी की टीम ने हिरासत में लेकर रायपुर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 25 जुलाई तक ईडी की रिमांड दी है। प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने उनकी 14 दिन की रिमांड मांगी थी। शुक्रवार देर

रात तक रानू साहू के देवेंद्र नगर स्थित सरकारी आवास में टीम ने छापेमारी की थी। इसमें मिले अहम सबूतों के मुताबिक रानू साहू करोड़ों रुपए के हेरफेर में शामिल थीं, फिलहाल मामले की जांच जारी है। रानू साहू छत्तीसगढ़ की दूसरी आईएएस ऑफिसर हैं जिन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया। इससे पहले आईएएस समीर विश्नोई गिरफ्तार हो चुके हैं और कोल स्कैम के मामले में फिलहाल रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद है। रानू साहू वर्तमान में कृषि विभाग में संचालक के पद पर पदस्थ थीं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मायके में पड़ा था छापा

पिछले साल ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग और कोल अवैध वसूली मामले में रानू साहू के कलेक्टर रहते हुए छापेमारी कार्रवाई की थी। रानू साहू के मायके में ईडी ने दबिश दी थी। साहू के गांव पाण्डुका, गरियाबंद जिले में छापा पड़ा था। वहीं सारंगढ़ स्थित उनके ससुराल में भी छापा मारा था। साहू के परिजन राजनीति से जुड़े हैं। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू और कांग्रेस नेता शैलेंद्र साहू के घर टीम घुसी थी। लक्ष्मी साहू कलेक्टर रानू साहू की मां हैं। वहीं शैलेंद्र साहू उनके चचेरे भाई हैं।

रमन ने कहा, कैग रिपोर्ट में सरकार के घोटालों का खुलासा

■ **कैग की रिपोर्ट में 5000 करोड़ का चावल और 600 करोड़ का पीडीएस घोटाला पर सरकार घिरी**

रायपुर/नवप्रदेश। शनिवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भूपेश सरकार के घोटालों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा। जिसमे उन्होंने प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में कांग्रेस सरकार की नीति और नीयत पर निशाना साधा और 600 करोड़ रुपए के पीडीएस घोटाले पर छःग शासन को घेरा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सरकार ने कोरोना काल के दौरान मोदी सरकार द्वारा भेजे गये मुफ्त राशन में भी बड़ी हेरफेर करने के साथ ही पीडीएस में 600 करोड़ रुपयों के चावल का घोटाला किया है। पूर्व सीएम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के 5000 करोड़ के चावल घोटाले पर भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की सरकार ने कोविड महामारी के दौरान गरीब परिवारों के लिए जो मुफ्त राशन भेजा था वो उन तक पहुंचा ही नहीं उस कठिन समय में भी इस भ्रष्ट सरकार ने करीब 5000 करोड़ के चावल में सेंध लगाकर भ्रष्टाचार किया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने 70 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र बांटे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (22 जुलाई) सातवें रोजगार मेले में 70 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपा। देश में 20 से भी ज्यादा राज्यों में 44 जगहों पर इसका आयोजन किया गया। पीएम मोदी वीसी के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना उनकी सरकार के दौरान हुए फोन बैंकिंग घोटाले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने नौकरी पाने वाले युवाओं से कहा कि 1947 में आज (22 जुलाई) ही के दिन संविधान सभा ने तिरंगे का डिजाइन फाइनल किया था। आज के दिन आपको नौकरी मिलना प्रेरणादायक बात है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिछली सरकार ने बैंकिंग सेक्टर को बर्बाद किया

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत उन देशों में शामिल है जहां बैंकिंग इंडस्ट्री सबसे मजबूत मानी जाती है, लेकिन 9 साल पहले ऐसे हालात नहीं थे। पिछली सरकार के दौरान हमारे बैंकिंग क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर विनाश देखा है। आज हम डिजिटल लेनदेन करने में सक्षम हैं, लेकिन 9 साल पहले जो सरकार थी, उस दौरान फोन बैंकिंग 140 करोड़ लोगों के लिए नहीं थी।

आज बेबाक

मणिपुर को लेकर कौन कितना गंभीर है यह सारा देश देख रहा है। संसद के मानसून सत्र के दो दिन व्यर्थ गए। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती चलती रही। दोनों एक दूसरे पर मणिपुर मुद्दे को लेकर चर्चा से भागने का आरोप लगाते रहे। समझ में नहीं आता कि जब विपक्ष इस पर चर्चा चाहता है और सत्तापक्ष चर्चा के लिए अपनी सहमति जता रहा है तो दो दिनों तक इस पर चर्चा आखिर क्यों नहीं हो पाई? लगता है दोनों का ही मकसद हंगामा खड़ा करना है। कोई नहीं चाहता कि सूरत बदले।

टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग को लेकर सीजेआई चिंतित

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने तकनीक का हानिकारक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किए जाने को लेकर आगह करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी को उपयोगकर्ताओं के मन में भय पैदा नहीं करना चाहिए अन्यथा लोग खुले एवं मुक्त रूप से अपने विचार व्यक्त नहीं कर पायेंगे। आईआईटी मद्रास के 60वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में शनिवार को भारत के मख्य सीजेआई ने कहा, '' कोई भी प्रौद्योगिकी निर्वात में जन्म नहीं

लेती है, बल्कि वह उस समय की सामाजिक वास्तविकता तथा कानूनी, आर्थिक एवं राजनीतिक व्यवस्था का परिचायक होती है।'' उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया ने आज राष्ट्रीयता समेत कई बाधाओं को समाप्त कर दिया है और कोई भी एक बार में लाखों संदेश भेज सकता है जो ऑफलाइन माध्यम से संभव नहीं है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि लेकिन प्रौद्योगिकी के उद्भव के साथ ही नये व्यवहार का जन्म भी हुआ है और यह आनलाइन मध्यम से धमकी, गाली गलौच करने और 'ट्रोल' करने का है। उन्होंने कहा कि जब हम भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं तब प्रौद्योगिकी के विकास के साथ इन विषयों पर भी विचार करने की जरूरत है। सीजेआई ने कहा, '' आज कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) ऐसे शब्द हैं जो हर किसी की जुबान पर हैं। कृत्रिम बुद्धिमता के माध्यम से कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किस्तों में नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं पीएम : खड़गे

नई दिल्ली (आईएएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को 70 हजार से अधिक नवनियुक्त भर्तियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री यह दिखाने के लिए किस्तों में ऐसा कर रहे हैं, जैसे कि भाजपा ने एक साल में दो करोड़ नौकरियां देने का अपना वादा पूरा कर दिया है। खड़गे की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्र के 'रोजगार मेला' के माध्यम से भर्ती किए गए उम्मीदवारों को संबोधित

करने और नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद आई है। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में लगभग 20 हजार एमएसएमई उद्योग बंद हो गए और सरकारी विभागों में 30 लाख से अधिक पद खाली हैं। खड़गे ने एक ट्वीट में कहा, केवल तीन वर्षों में देश में लगभग 20,000 एमएसएमई उद्योग बंद हो गए। अकेले सरकारी विभागों में 30 लाख पद खाली पड़े हैं। लेकिन 'इवेंट-जीवी' मोदी सरकार के मुखिया, मोदी जी किश्तों में भर्ती पत्र बांटकर ऐसा दिखा रहे हैं, जैसे उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का भाजपा का वादा पूरा कर दिया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस प्रमुख ने कहा, वे सरकार द्वारा स्वीकृत पद हैं, उन्हें बहुत पहले भरा जाना चाहिए था। पिछले नौ वर्षों में स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया आदि जैसे कार्यक्रम इवेंट की तरह आयोजित किए गए थे, लेकिन लाखों एमएसएमई को मोदी सरकार की गलत नीतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि लाखों युवाओं की नौकरी चली गयी और उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है। खड़गे ने कहा, देश का युवा अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। इस युवा विरोधी सरकार को जाना होगा। भारत एक साथ आएगा, भारत जीतेगा।

मणिपुर वायरल वीडियो केस में 5वीं गिरफ्तारी

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के मामले में पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले गिरफ्तार किए गए 4 आरोपियों की शुक्रवार को कोर्ट में पेशी हुई। उन्हें 11 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। उधर, चुराचांदपुर जिले में 5 हजार कुकी महिलाओं ने काले कपड़े पहनकर इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। इंफाल में भी महिलाएं सड़कों पर उतरीं और टायर जलाए। सुरक्षाबलों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। निर्वस्त्र की गई एक महिला के पति

कारगिल युद्ध लड़ चुके हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कारगिल युद्ध में देश को दुश्मनों से बचाया, लेकिन दंगाइयों से अपनी पत्नी की इज्जत नहीं बचा सका।' पीड़ित के पति असम राइफल्स में सूबेदार थे।

यासीन मलिक को कोर्ट ले जाने पर 4 अफसर सस्पेंड

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट की सुरक्षा में चूक के मामले में शनिवार (22 जुलाई) को 4 अफसरों को सस्पेंड किया है। इनमें एक डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, 2 असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट और एक अन्य अधिकारी शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 21 जुलाई को होम सेक्रेटरी अजय भल्ला को चिट्ठी लिखकर सवाल उठाया था कि सुप्रीम कोर्ट के बुलाए बिना यासीन को कोर्ट क्यों ले जाया गया? उन्होंने लिखा था,

यासीन जैसा आतंकी और अलगाववादी नेता, जो न केवल टेरर फंडिंग मामले में दोषी है, बल्कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों के साथ संबंध रखता है, वो भाग सकता था, जबरन ले जाया जा सकता था या मारा जा सकता था। दरअसल, 21 जुलाई को कश्मीरी आतंकी यासीन बिना बुलाए सुप्रीम कोर्ट में पेश हुआ था। कोर्ट में उसे देखकर जज नाराज हो गए थे। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा था कि हमने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया था, जिसमें कहा गया हो कि उसे व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना है।

रायपुर पहुंचे गृहमंत्री शाह, नेताओं की ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार रात करीब 8 बजे वायुसेना के विमान से रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट से निकलकर सीधे वे बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। शाह के साथ केंद्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी मनसुख मंडाविया भी रायपुर आए। भाजपा कार्यालय में अमित शाह ने विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, भाजपा के महामंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह जैसे नेता शामिल रहे। इस बैठक के मद्देनजर पार्टी कार्यालय में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए थे। वे बाज सुबह दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। सूत्रों की मानें तो स्थानीय नेताओं ने अपनी एक रिपोर्ट तैयार की थी। प्रदेश में अब तक के बड़े कार्यक्रमों की जानकारी तैयार की थी। इन्हीं रिपोर्ट को अमित शाह के सामने पेश किया गया। आगामी चुनावों में पार्टी की स्थिति को लेकर भी इस बैठक में खासतौर पर चर्चा हुई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सर्वे... 33 फीसदी लोगों ने पीएम मोदी के सामने प्रियंका गांधी को बेहतर विकल्प माना

मोदी के सामने प्रियंका 'इंडिया' की पहली पसंद

नई दिल्ली (एजेंसी)। साल 2024 का आम चुनाव काफी दिलचस्प होने जा रहा है। आगामी चुनाव में विपक्ष की ओर से 26 पार्टियों वाली 'इंडिया' और 38 पार्टियों वाली 'एनडीए' गठबंधन में चुनावी संघर्ष देखने को मिलने वाला है। इस बीच एबीपी न्यूज ने सी-वोटर के साथ पीएम फेस को लेकर एक सर्वे किया है। इसमें यह पता करने की कोशिश की गई है कि भाजपा के दिग्गज नेता और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष की ओर से पीएम का चेहरा कौन होगा? सर्वे में बड़े ही हैरान कर देने वाले आंकड़े सामने आए हैं। इस सर्वे में राहुल गांधी का जिक्र नहीं किया गया है लेकिन बहन प्रियंका गांधी का नाम शामिल है। इसके अलावा बिहार के सीएम नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी जैसे धुरंधरों का नाम शामिल है। इन सभी नेताओं से कहीं ज्यादा प्रियंका गांधी सर्वे में बढ़त बनाए हुई हैं।

एक हफ्ते पहले किया सर्वे

एबीपी और सी-वोटर का सर्वे आज से एक हफ्ते पहले किया गया है। यह सर्वे उस वक्त किया गया था जब राहुल गांधी को 'मोदी सरनेम' मानहानि मामले में गुजरात हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली थी। इसी को देखते हुए यह सर्वे कराया गया है। राहुल को आगामी चुनाव से पहले दो साल की सजा पर रोक नहीं लगती है तो वो चुनावी मैदान में खड़े नहीं हो सकते हैं। इसी को देखते हुए यह सर्वे कराया गया है कि अगर राहुल चुनाव नहीं लड़ते हैं तो इनके अलावा पीएम मोदी के सामने विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा?

नीतीश 14 फीसदी लोगों की पसंद

एबीपी और सी-वोटर ने जनता से पूछा कि ममता, प्रियंका, नीतीश, केजरीवाल में से कौन पीएम मोदी के सामने बेहतर है? जिसका परिणाम चौंकाने वाला आया है। कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी को 33 फीसदी लोगों ने अपनी पहली पसंद माना। जबकि केजरीवाल और नीतीश कुमार को 14-14 फीसदी वोट मिले। पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी को 10 फीसदी लोगों ने पीएम मोदी के सामने सही विकल्प माना है। सवाल- विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कौन बेहतर पीएम फेस? प्रियंका गांधी- 33 फीसदी नीतीश कुमार- 14 फीसदी अरविंद केजरीवाल- 14 फीसदी ममता बनर्जी- 10 फीसदी लोगों ने चुना।

3,472 तीर्थयात्रियों का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

जम्मू (वार्ता)। जम्मू कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से 'बम बम भोले' का जयकारा करते हुए 3,472 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र श्री अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि 3,472 तीर्थयात्री 132 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि 2515 तीर्थयात्रियों के समूह में 2042 पुरुष, 395 महिलाएं, 12 बच्चे, 63 साधु और तीन साध्वियां शामिल है जो 93 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुए। इसी तरह बालटाल के लिए 957 श्रद्धालु रवाना हुए जिनमें 689 पुरुष और 268 महिलाएं शामिल है। सभी श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 39 वाहनों के काफिले में रवाना हुए। गौरतलब है बाबा बर्फीनी के पवित्र गुफा के दर्शन के लिए वार्षिक यात्रा एक जुलाई को शुरू हुई और यह 31 अगस्त को समाप्त होगी।

बीस साल बाद चौराहे पर भाजपा

अरुण दीक्षित

(क्रमशः2) कांग्रेस की सरकार अचानक भीतरघात से गिरी। लेकिन वह प्रदेश की जनता में अपने लिए सहानुभूति पैदा नही कर पाई।यही वजह थी कि पार्टी बदलने वाले ज्यादातर विधायक उपचुनाव में जीत गए।उनकी जीत के बाद बीजेपी की अपनी बहुमत वाली सरकार हो गई।हालांकि सिंधिया के साथ बीजेपी में गए कई विधायक विधानसभा उपचुनाव हारे भी लेकिन उससे शिवराज और उनकी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा। शिवराज सिंह ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर सबसे ज्यादा समय रहने का रिकॉर्ड बना दिया है।इस बात की उम्मीद कम है कि भविष्य में उनका रिकॉर्ड कोई तोड़ पाएगा।लेकिन यह भी तय है कि वे राज्य के अब तक के सबसे विवादित मुख्यमंत्री हैं।

ग्रामीण पृष्ठभूमि के शिवराज जब मुख्यमंत्री बने थे तब यह माना गया था कि एक गरीब घर का व्यक्ति सत्ता के शिखर पर पहुंचा है। उन्होंने ऐसी कई योजनाएं शुरू कीं जो सीधे गरीब तबके से जुड़ी थीं।इन योजनाओं ने उनको पूरा फायदा भी पहुंचाया।वे पहले बच्चों के मामा बने।फिर बुजुर्गों के श्रवण कुमार भी।आजकल लाडली बहनों के भाई बने हुए हैं। लेकिन शुरुआत से ही वे विवादों में घिरे रहे। सबसे पहले उन पर व्यक्तिगत आरोप डंपर कांड में लगे। उसके बाद प्रदेश में अवैध खनन का मामला पूरे देश में उछला। लेकिन व्यापम घोटाले ने प्रदेश को पूरी दुनिया में बदनाम किया। सीबीआई आज भी इस घोटाले की जांच कर रही है।इसमें उनके एक मंत्री वी कुछ अफसर गिरफ्तार हुए थे।कुछ मेडिकल कालेजों के मालिक भी पकड़े गए।उन के करीबी लोगों पर भी आरोप लगे।लेकिन सीबीआई ने उनसे कभी पूछताछ तक नहीं की। कमलनाथ से सत्ता लेने के बाद भी शिवराज पर आरोपों की बौछार होती रही है।व्यापम का उन्होंने नाम बदल दिया।लेकिन फिर भी घोटाले बंद नही हुए। कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती घोटाले के बाद अब पटवारी भर्ती घोटाले ने उन्हें घेर लिया है। खुद उन्होंने इस घोटाले की जांच का ऐलान किया है। इससे पहले पोषण आहार घोटाला कैग की रिपोर्ट के बाद सामने आया था। महिला एवम बाल विकास विभाग खुद उन्हीं के पास है।हालांकि सरकार लगातार कैग की रिपोर्ट को गलत बताती रही है लेकिन उसकी बात पर कोई भी भरोसा नही कर रहा है। आदिवासियों और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार,आदिवासियों की जमीनें गैर कानूनी ढंग से दूसरों को दिए जाने, बुनियादी ढांचे के कमजोर होने,स्कूलों में शिक्षक और अस्पतालों में डाक्टर व दवाई न होने और प्रशासन में हर स्तर पर भ्रष्टाचार ने उनकी छवि को काफी हद तक प्रभावित किया है।

हर स्तर पर उनकी पकड़ कमजोर हुई है।यही वजह है कि 17 साल से ज्यादा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहने के बाद भी शिवराज आज विकास के नाम पर वोट नही मांग पा रहे हैं।वे दोनों हाथों से रेवड़ियां बांट रहे हैं। अलग अलग जातियों और समाजों को साधने की कोशिश कर रहे हैं। वे प्रदेश की सवा करोड़ महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए सरकारी खजाने से दे रहे हैं।कन्याओं के विवाह करा रहे हैं। लड़कियों की पढ़ाई का खर्च उठा रहे हैं। लेकिन बलात्कारी को फांसी की सजा का कानून बनाने के बाद भी प्रदेश की बच्चियों ,किशोरियों, महिलाओं, यहां तक कि बुजुर्ग महिलाओं को भी सुरक्षा उनकी सरकार नही दे पा रही। केंद्र सरकार के आंकड़े उनके दावों को

दरकिनार कर रहे हैं। आदिवासियों के लिए भी पिछले कई साल से बड़ी बड़ी योजनाएं चलाई जा रही हैं।लेकिन उन पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। होस्टल में घुसकर उनकी बच्चियों को अफसर छेड़ रहे हैं। युवाओं के ऊपर पेशाब की जा रही है।उधर दलितों के मुंह में मल भरा जा रहा है।सब कुछ निर्बाध गति से चल रहा है। शिवराज आजकल मोदी की तरह रैंप पर अकेले घूम घूम कर बातें तो बड़ी बड़ी कर रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत उनकी बातों से बिल्कुल विपरीत है। उनका अपने मंत्रिमंडल पर भी नियंत्रण नहीं है।मंत्री आपस में लड़ रहे हैं।

कांग्रेस से बीजेपी में आए लोगों की वजह से समस्या काफी बढ़ी है। उनकी वजह से पार्टी के पुराने लोग घर छोड़ रहे हैं। खुल कर नाराजी का इजहार कर रहे हैं। दिल्ली भी यह बात जानती है। इसीलिए वह खुद मोर्चा संभाल रही है। लेकिन इतना आसान उसके लिए भी नही है। उधर कांग्रेस की हालत भी बहुत ज्यादा ठीक नही है।गांधी परिवार को राजनीति से बाहर करने की मोदी शाह की मुहिम लगातार जारी है। इसी वजह से बहुत लंबे समय बाद गांधी परिवार ने पार्टी का नेतृत्व छोड़ दिया है। कमलनाथ बुजुर्ग और अनुभवी नेता हैं। लेकिन पार्टी की गुटबाजी के आगे वे भी बेबस हैं। कांग्रेस के कुछ नेता लगातार उनका विरोध कर रहे हैं।बीजेपी नेताओं से मिलीभगत का आरोप भी उन पर लगाया जा रहा है। लगातार हार के बाद भी कांग्रेस के नेता अपने मूल चरित्र से कतई हटे नही है। चूंकि जनता में शिवराज और उनकी सरकार को लेकर नाराजगी है।

बीजेपी का आम कार्यकर्ता भी बदले हालात में निराश है।वरिष्ठ नेताओं को घर बैठाए जाने का भी डर है। साथ ही थोड़ा बहुत कांग्रेसीकरण भी बीजेपी का हुआ है। इन सब बातों से कांग्रेस और खासतौर पर कमलनाथ और उनके साथियों को लगता है कि वे चुनाव जीत रहे हैं। यही उनका मुगालता है। यह कमोवेश सच है कि मध्यप्रदेश में मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस में ही है। लेकिन कुछ छोटे दलों की भी नजर प्रदेश पर है। पिछले कुछ चुनावों में सपा और बसपा ने कुछ इलाकों में अपना प्रभाव दिखाया था।लेकिन धीरे धीरे वे दोनों ही हाशिए पर चले गए हैं। प्रदेश में कोई स्थानीय दल इस स्थिति में नही है जो प्रदेश स्तर पर त्रिकोण बना सके।

लेकिन ऐसा नहीं है कि कोशिश नही हो रही है।गुजरात में कांग्रेस के हाथ से जीत और पंजाब में सत्ता छीन चुकी आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश में पांव जमाने की पूरी कोशिश कर रही है। नगर निगम चुनाव में एक मेयर और कुछ पार्षदों की जीत ने उसका उत्साह बढ़ाया है। पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल मध्यप्रदेश का दौरा कर चुके हैं। संगठन को भी मजबूत किया जा रहा है। हैदराबाद के असदुद्दीन ओवैसी की नजर भी प्रदेश पर है।वे मुसलमानों पर अत्याचार का मुद्दा बना कर अपने प्रत्याशी उतार सकते हैं। प्रदेश में करीब 22 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है।अभी तक उनके नाम पर कई पार्टियां अस्तित्व में आई और जल्दी ही खत्म भी हो गईं। दुखद पहलू यह है कि राज्य में स्वतंत्र आदिवासी नेतृत्व आज तक पनप ही नही पाया है। आदिवासी नेता बीजेपी और कांग्रेस के भरोसे ही रहे हैं। जिन्होंने अलग अस्तित्व बनाने की कोशिश की उन्हें या तो खरीद लिया गया या फिर रास्ते से हटा दिया गया। कांग्रेस और बीजेपी दोनों से ही आदिवासी नाराज हैं। अगर उन्हें सही दिशा मिल गई तो वे अलग राह पकड़ सकते हैं। इसका खामियाजा कांग्रेस को ही भुगतना पड़ेगा।

इस समय जो हालात हैं उनसे इतना तो साफ है कि बीजेपी की राह आसान नहीं है।वह 2018 की तुलना में और कमजोर हुई है। सिंधिया को साथ लेने की वजह से उसका अपना काडर और कार्यकर्ता दोनों ही नाराज हैं।हाशिए पर धकेले जा रहे नेताओं में भी गुस्सा है।इसका खामियाजा तो उसे भुगतना ही पड़ेगा।दिल्ली भी यह सच जानती है। इसलिए वह पूरी कमांड अपने हाथ में रखना चाहती है। वैसे दिल्ली के लिए विधानसभा से लोकसभा ज्यादा महत्वपूर्ण है।उसकी नजर नवंबर 23 पर नही मई 24 पर है।इसीलिए वह चौराहे पर खड़ी दिख रही है। और कांग्रेस.. वह सिर्फ जनता और बीजेपी कार्यकर्ता की नाराजगी के सहारे सत्ता में आने का सपना देख रही है। लेकिन अगर आम आदमी पार्टी ने ज्यादा ताकत लगा दी तो उसकी राह मुश्किल भी हो सकती है। क्योंकि खत्म होने की कगार पर आ चुकने के बाद भी उसके नेता चेत नही रहे हैं। उत्तर प्रदेश का हाल भी उन्हें नही दिख रहा है। फिलहाल सभी जुटे हुए हैं! देखना यह होगा कि जनता किसे ताज पहनाती है। **(समाप्त)**

एक महीने के लिए मांसाहार को त्यागिए खुद जान जाएंगे परिणाम

पिछले कुछ समय में दुनिया भर में शाकाहारी भोजन खाने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है. इसका कारण है कि कई रिसर्च में यह दावा किया जा चुका है कि शाकाहारी भोजन ना सिर्फ व्यक्ति को स्वस्थ रखता है बल्कि कोलेस्ट्रॉल, हार्ट अटैक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा भी कम करता है. इसमें कोई शक नहीं कि नॉन वेजिटेरियन फूड खाने वाले लोगों के लिए चिकन-मटन छोड़ना काफी मुश्किल है लेकिन अगर आपसे कहा जाए कि आपको सिर्फ एक महीने के लिए मांसाहारी भोजन से दूरी बनानी होगी और इससे आपके शरीर में जबरदस्त बदलाव नजर आएंगे तो आपका क्या जवाब होगा.

हैदराबाद के केयर हॉस्पिटल्स में सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अथर पाशा ने एक अंग्रेजी वेबसाइट से बातचीत में बताया कि प्लांट बेस्ट फूड यानी वेजिटेरियन फूड्स में बहुत ज्यादा फाइबर होता है जो आपके पाचन तंत्र को मजबूत करता है और कई पेट की बीमारियों से बचाव करता है. अगर पेट अच्छा रहता है तो आपका पूरा शरीर स्वस्थ रहता है. वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का कहना है कि पिछले कुछ सालों में दुनिया भर में और खासकर अमेरिका और यूरोप में शाकाहार का चलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है. उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की डाइटीशियन डॉ. एकता सिंहवाल ने भी बताया कि ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से कई मांसाहारी लोग शाकाहार या शाकाहार की ओर रुख कर रहे हैं जिसमें नैतिक और पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं से लेकर स्वास्थ्य को होने वाले लाभ और यहां तक कि वेजिटेरियन फूड विकल्पों की बढ़ती उपलब्धता भी शामिल है. उन्होंने बताया कि मांसाहारी आहार का सेवन बंद करने के कई फायदे होते हैं. इससे आमतौर पर हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, टाइप 2 मधुमेह और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी बीमारियों का रिस्क कम होता है. इसके अलावा अपने आहार में विभिन्न प्रकार के प्लांट बेस्ड फूड्स को शामिल कर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आप नॉन वेज पर निर्भर हुए बिना अपनी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं. अगर आप एक महीने के लिए मांसाहारी भोजन खाना बंद कर देते हैं तो आपके शरीर में तुरंत पांच बदलाव नजर आएंगे.

कब्ज से छुटकारा

एकता सिंहवाल ने बताया कि फाइबर होने की वजह से यह बाउल मूवमेंट यानी आपके मोशन को ठीक करता है और पाचन तंत्र को बेहतर करता है. फाइबर का सेवन बढ़ने से कब्ज से राहत मिलती है.

घट जाएगा वजन

सिंघवाल ने बताया कि प्लांट बेस्ड फूड्स से वजन घटाने में मदद मिल सकती है क्योंकि इसमें आम तौर पर नॉन वेज की तुलना में कम कैलोरी होती हैं और फाइबर ज्यादा होता है जिससे बार-बार भूख नहीं लगती और कैलोरी कम होने से वजन भी काबू में रहता है।

विशेष

नौनिहालों को डायरिया से कैसे बचाएं ?

बरसात के दिनों में कई तरह की बीमारियां का खतरा होना स्वभाविक है। जिनमें से एक सबसे खतरनाक है डायरिया। जो किसी के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। बरसात में पानी के बदलाव के साथ पाचन शक्ति की प्रक्रिया शिथिल होने से भोजन के पचने में समय लगता है। तेलीय भोज्य और नए आ रहे सब्जियों में रासायनिक खादों का जहरीला होना तय माना जाता है। बरसात के मौसम में खासकर बुजुर्ग और छोटे बच्चों को के पाचन क्रिया में शिथिलता के कारण डायरिया का खतरनाक हो सकता है। बरसात के मौसम में कई बीमारियों के फैलने की आशंका बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। डायरिया गंदा पानी पीने की वजह से होता है। जो जरा सी लापरवाही की वजह से जानलेवा हो जाता है। इससे व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। छोटे बच्चों में डायरिया की बीमारी बहुत खतरनाक हो सकती है। क्योंकि ये बच्चे को एक दिन में ही बहुत ज्यादा कमजोर कर देता है। भारत में जन्म से पांच साल तक के बच्चों में मौत का सबसे बड़ा कारण डायरिया को माना जाता है। डायरिया के प्रमुख लक्षणों में बार-बार मल त्याग करना, मल बहुत पतला होना, तीव्र दशाओं में रोगी के पेट के पूरे निचले भाग में दर्द और बेचैनी महसूस होना प्रमुख है। बीमारी बढ़ने पर आंतों में मरोड़ या पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द भी होने लगता है. डायरिया जल्दी काबू में न आए तो निर्जलीकरण की स्थिति पैदा हो सकती है। इससे मरीज कमजोरी महसूस करता है। ऐसी स्थिति में बुखार आना सामान्य बात है। इतना ही नहीं शरीर में पानी के साथ खनिज तत्वों की ज्यादा कमी होने लगे तो मरीज बेहोशी की हालत में जा सकता है और स्थिति जानलेवा हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अगर दिन में तीन से ज्यादा बार पानी के साथ अधिक मात्रा में मलत्याग हो रहा हो तो यह डायरिया का लक्षण है। डायरिया में रोगी के शरीर में पानी की अत्यधिक कमी हो जाती है, जिससे उसका शरीर कमजोर हो जाता है। इसके बाद शरीर में संक्रमण फैलने का खतरा बहुत बढ़ जाता है।उचित समय पर सही इलाज नहीं होने पर रोगी की जान भी जा सकती है। चिकित्सा विज्ञायिनों के अनुसार तीन तरह के वायरस खासतौर से डायरिया का संक्रमण फैलाते हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

राम के इस देश में क्यूं पल रहे हैं रावण

राम के इस देश में क्यूँ पल रहे हैं रावण बहुत, अनवरत बारिश है लेकिन जल रहा सावन बहुत। मौन ही सोया सिंहासन, कुछ हो न जैसे हाथ में- जन के हिस्से अब सुरक्षा देश जो पावन बहुत॥
गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

होते हैं मुश्किल बहुत, जीवन के

होते हैं मुश्किल बहुत, जीवन के किरदार। जो रिश्तों को जोड़ता,वह

बिखरे हर बार। वह बिखरे हर बार, करे जो दुनियादारी। रहे हमेशा त्रस्त, चुकाए कीमत भारी। करें निर्वहन धर्म, बीज खुशियों के बोते। धरती पर इंसान, बहुत कम ऐसे होते।।
डॉ बिपिन पाण्डेय

खास पाती

घोंसलो के कलाकृति में एक

घोंसलो के कलाकृति में एक तुरपन हँसी की आसुओं के दरमियाँ एक तस्सली तुम्हारी! ख्वाबों की बारादरी में तुम्हारी मद्धम हँसी के साथ बल खाता कानों का झुमका! गुम्फित अस्फुट वह उलझी तुरपन बिन ही लेती है कुछ उधड़े शिक़वे! फ़ीकी रंगत लिए वह चोटी की रिब्बन अब गिरह नही बनने देती! गूँथना हो छोड़ दिया बालों को तभी तो बेतरतीब से उलझे रहते हैं पता है गिरह बनने लगी हैं अब वेदनाओं की नही काढ़ती उन्हें तभी तो घोंसले की कलाकृति में आढ़त की तरह कैद है स्मृतियाँ आँसुओं के दरमियाँ एक तस्सली तुम्हारी! **सुरेखा अग्रवाल**

रील होने लगे इन दिनों आप भी

रील होने लगे इन दिनों आप भी। फील होने लगे इन दिनों आप भी।। बूँद की आपको अब भला क्या ग़रज, झील होने लगे इन दिनों आप भी। फूल समझा किये आपको हम मगर, कील होने लगे इन दिनों आप भी। लग गई आसमां की हवा आपको, चील होने लगे इन दिनों आप भी। मजलिसें चींटियों की लगे छोड़ने, फ़ील होने लगे इन दिनों आप भी। पाँव ज़ख़्मी लिए 'आशा' कैसे चले, मील होने लगे इन दिनों आप भी। **आशा पाण्डेय ओझा**

संग ज़िन्दगी तक आते हैं बहुत

सँग ज़िन्दगी तक आते हैं बहुत जन अंत हो सफर का जो उसमें भी तो चले एक मुद्दत सी हुयी सच मिलता तो नही झूठ लाख में हो हावी सच तो भी तो पले आसान नही दुनिया जीकर तो देखो जरा वाह वाही है अगर दुश्मन भी तो जले पाता है जो भी भाग्य से उसका हिसाब रख करता है बुरा कर्म जो हाथ भी तो मले। **मधुलिका शुक्ला**



जो छत हुआ उसे गिर ही जाना था

जो छत हुआ उसे गिर ही जाना था छत होना उसकी गलती थी लोग आईनों के सहारे दीवार निहारा करते थे आईनों को भी टूट ही जाना था इनमें दीवारों की क्या गलती थी सहीं से गलत क्या था जो हमदर्दी और दर्द में होना भी एक गलती ही थी मैं अपने दर्द के हजार टुकड़े करना चाहूं जो टुकड़े करता हुआ टुकड़े में रह जाऊं तो वो दर्द ना होगा मेरी एक गलती थी। **जय बरूआ**

कलम बिकती नहीं है ये सभी

कलम बिकती नहीं है ये सभी में जोर लाएगी चले बदलाव की आँधी खुशी चहुँओर छाएगी नहीं डरता किसी से जो सत्य के साथ है चलता लिखे जो सच उसी का ही जहाँ ये टोर गाएगी। **संजय कुमार गिरि**

उनके दिल में हम तो जाके आ गए

उनके दिल में हम तो जाके आ गए अपने मुँह की हम तो खाके आ गए अब भला जाए कहाँ ये दिल मेरा हर जगह हस्ती मिटा के आ गए ख्वाब जितने थे धुआँ सब हो गए दिल को अपने हम जला के आ गए पूछा जब लोगों ने उनके बारे में दुनियाँदारी हम बता के आ गए थक गए थे हम ज़रा सा सो गए सब खज़ाने वो लुटा के आ गए!!
नीरू श्रीवास्तव

बरसती रिमझिम पलकों ने दिया

बरसती रिमझिम पलकों ने दिया इल्जाम कब किसको ? सिसकते दिल के जख्मों ने किया बदनाम कब किसको ? हिमालय का पिघलना भी नदी के काम तो आया। किसी के प्यासे अधरों पर छलकता जाम तो आया। मेरा नाकाम होना भी किसी के काम तो आया।
ममता अमर

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 23 जुलाई की घटनाएं इस प्रकार हैः-
1903- फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बेची।
1905 - अल्फ्रेड डीकीन दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री बने।
1906 -स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद का जन्म
1914- आस्ट्रिया-हंगरी ने सर्बिया को आर्चड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या की जांच करने के लिए एक अल्टीमेटम के साथ प्रस्तुत किया, कि सिर्बिया अंततः अस्वीकार कर देगा, जिससे प्रथम विश्व युद्ध शुरू हो जाएगा।
1927- इंग्लैंड और यॉर्कशायर के विल्फ्रेड रोड्स 1,000 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में एकमात्र व्यक्ति बन गए।
1940- अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट सुमेर वेल्स ने एक घोषणा पत्र जारी किया कि अमेरिका सोवियत संघ के ब्रेटल राज्यों की घोषणा को मान्यता नहीं देगा।
1942- होलोकास्ट-द गैस चैंबर्स ट्रेब्लिंका एक्सट्रिमिनेशन कैंपबेगन ऑपरेशन में, युद्ध से निकाले गए 6,500 यहूदियों को घेट्टो में एक दिन पहले देखा गया था।

आज का पंचांग (रविवार, 23 जुलाई 2023)

सूर्योदयः 05:45, सूर्यास्तः 07:19
चन्द्रोदयः 02:53, चन्द्रास्तः 16:46

अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय)

ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि पंचमी/ षष्ठी, नक्षत्र उत्तरा फाल्गुनी, योग गण्ड (08:28 से वृद्धि), प्रथम करण कौलव (06:47 तक), द्वितीय करण तैतिल (19:17 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य, मिथुन, चंद्र, वृष

मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (उदय, पश्चिम, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु, मेष, केतु, तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:55 से 12:50, अमृत काल 19:02 से 20:44, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:37, गोधूलि मुहूर्त 19:19 से 19:39, सायाह्न सन्ध्या 19:20 से 20:21, निशिता मुहूर्त 00:03 से 00:43, राहुकाल 16:30 से 18:00, राहुवास दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड 15:51 से 17:36

होमाहुति केतु, दिशाशूल पश्चिम, नक्षत्र शूल पश्चिम (22:27 तक), अग्निवास पाताल (19:17 से पृथ्वी), चन्द्रवास दक्षिण, शिववास नन्दी पर (19:17 से भोजन में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - चर 2 - लाभ, 3 - अमृत 4 - काल, 5 - शुभ 6 - रोग, 7 - उद्वेग 8 - चर

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - रोग, 2 - काल, 3 - लाभ, 4 - उद्वेग, 5 - शुभ, 6 - अमृत, 7 - चर, 8 - रोग

नोट-- दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा

दक्षिण-पूर्व (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम द्वितीय ,तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (टे, टो, पा, पी,) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मिथुन - 03:27 से 05:42, कर्क - 05:42 से 08:03, सिंह - 08:03 से 10:22, कन्या - 10:22 से 12:40, तुला - 12:40 से 15:01, वृश्चिक - 15:01 से 17:20, धनु - 17:20 से 19:24, मकर - 19:24 से 21:05, कुम्भ - 21:05 से 22:31, मीन - 22:31 से 23:54, मेष - 23:54 से 01:28, वृषभ - 01:28 से 03:23

QUIZ TIME

1) 12 जुलाई 2023 को पूरे भारतवर्ष में कौन-सा दिवस मनाया जाता है?
2) किस विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने गेहूं की एक नई किस्म विकसित की है?
3) पास्कल एडिंग मशीन बनाने वाले ब्लेज पास्कल किस देश के निवासी थे?
4) केंचुए की दो आँखें होते है। (सही / गलत)
5) मिजोरम में उड़ने वाली छिपकली की प्रजाति को आधिकारिक तौर पर क्या नाम नाम दिया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) राष्ट्रीय सद्भावना दिवस (2) पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (3) फ्रांस (4) गलत- एक भी नहीं (5) गेको मिजोरमेन्सिस

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज का दिन कुछ ना कुछ अभाव के बाद भी संतोषजनक रहेगा।
वृष : आज के दिन आप अपनी ही धुन में रहेंगे। मन की ज्यादा सुनेंगे और करेंगे।
मिथुन : आज आपका व्यवहार पल-पल में बदलने से संपर्क में रहने वालों को परेशानी आएगी आप कहेंगे कुछ करेंगे उसके विपरीत ही।
कर्क : आज का दिन लाभदायक रहेगा कार्य क्षेत्र पर आज आपसे प्रतिस्पर्धा करने वाले बहुत रहेंगे फिर भी अपने हिस्से का लाभ थोडे बौद्धिक परिश्रम से प्राप्त कर लेंगे।
सिंह : आज का दिन आपके लिये सिद्धि दायक रहेगा कोई भी कार्य करने से पहले उसके विषय मे बारीकी से अध्ययन करें आज थोड़े से परिश्रम से बड़ा कार्य पूर्ण कर सकेंगे।
कन्या : आज का दिन संभावनाओं पर ज्यादा केंद्रित रहेगा। परिश्रम करने में कमी नही रखेंगे फिर भी सफलता असफलता संपर्क में रहने वालों पर निर्भर रहेगी।
तुला : आज का दिन शारिरिक दृष्टिकोण से विपरीत रहेगा दिनचार्य अस्त व्यस्त रहेगी सहयोग मिलने पर भी अधिकांश कार्य समय पर पूरा नही कर सकेंगे।
वृश्चिक : आपके लिये आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा आज दिन का आरंभिक भाग परिवार में मतभेद के कारण थोड़ा उदासीन रहेगा।
धनु : आज के दिन आपमे धैर्य की कमी रहेगी। किसी भी कार्यो को लेकर पहले लापरवाही करेंगे बाद में उसे जल्दबाजी में करने पर कुछ ना कुछ कमी रह जायेगी।
मकर : आज का दिन बौद्धिक कार्यो से सफलता दिलाएगा सामाजिक क्षेत्र अथवा गृहस्थ में आपके महत्त्वपूर्ण सुझाव मिलने से किसी ना किसी के जीवन को नई दिशा मिलेगी।
कुंभ : आज का दिन आपके लिये कलहकारी रहेगा दिन के आरंभ से ही इससे बचने का प्रयास करेंगे लेकिन परिजन आज आपकी गलतिया खोज खोज कर गिनाएंगे आपने जो गलती की ही नही उसपर भी ताने सुनने को मिलेंगे।
मीन : आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त भाग दौड़ करनी पड़ेगा लेकिन इसका कोई सकारात्मक परिणाम नही मिलेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -133

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्बीगीद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसु 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रिवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का घड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुकुमत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 132 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		श	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		व
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

सम्मान से बेहतर कार्य करने की मिलती है प्रेरणा : राज्यपाल

■ छग विधानसभा में उत्कृष्टता अलंकरण समारोह और विधायकों का विदाई समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा आयोजित ''उत्कृष्टता अलंकरण समारोह'' और पंचम विधानसभा के विधायकों के लिए आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्ट विधायकों एवं उत्कृष्ट संसदीय पत्रकारों को सम्मानित करने की यह परंपरा अत्यंत सराहनीय है। इससे विधायकों एवं मीडियाकर्मियों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत विधायिका जनहित, विकास और सुशासन का आधार स्तंभ है। निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को जनता की सेवा करने का सर्वोत्तम अवसर मिलता है, उन पर राज्य और नागरिकों के हित में काम करने की भी जिम्मेदारी है। इसी प्रकार मीडिया विधायिका, कार्यपालिका और नागरिकों के बीच सेतु का काम करता है। छत्तीसगढ़ में मीडिया ने अपने विभिन्न रूपों के माध्यम से न केवल आम जनता को जागरूक, शिक्षित किया है, बल्कि राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने सभी से आग्रह किया कि अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठकर सदैव जनहित एवं जनकल्याण के लिए कार्य करें। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की गिनती देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभाओं में होती है। विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जो सामंजस्य और सम्मान का भाव है, वो निश्चित तौर पर प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी की मदद से कामकाज संचालन को अभिनव पहल बताया और कहा कि पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन ,ग्लोबल वार्मिंग जैसे गंभीर मुद्दों पर और ज्यादा कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत सभी से यह अपील कि जनभागीदारी से वर्ष 2025 तक छत्तीसगढ़ से टीबी को खत्म करने के लक्ष्य पर काम करें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधानसभा के उपाध्यक्ष संतराम नेताम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक वर्तमान एवं पूर्व विधायक गण, विधायकगण, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा जनप्रतिनिधिगण एवं आमंत्रित अतिथिगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

स्वस्थ परंपराओं व नियमों को स्थापित किया : सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के विगत पांच साल का कार्यकाल बहुत चुनौती पूर्ण रहा। लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष ने मिलकर छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काम किया। इस विधानसभा ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए है। कोविड महामारी के दौरान भी विधानसभा की कार्यवाही कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए जारी रही। विगत 23 वर्ष के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अनेक स्वस्थ परंपराओं व नियमों को स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने विकास के अनेक सोपान गढ़े हैं। चाहे पक्ष हो या विपक्ष या अन्य दल के सदस्य हों सभी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मिलकर काम करना है। सत्ता पक्ष ने विधानसभा में अनेक ऐसे प्रस्ताव लाए जो छत्तीसगढ़ के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुए। विपक्ष के सदस्यों ने भी सत्ता पक्ष की कमजोरियों को उजागर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया।

छग की श्रेष्ठता के लिए बेहतर कार्य किया : महंत

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि पिछले साढ़े चार सालों में छत्तीसगढ़ विधानसभा में संसदीय मूल्यों को संरक्षित रखते हुए छत्तीसगढ़ की श्रेष्ठता के लिए बेहतर कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा में 18 प्रतिशत महिला विधायक है। विधानसभा के सभी सदस्यों ने जनसेवा को अपना ध्येय माना और संसदीय दायित्वों को बखूबी पूरा करने में योगदान दिया है। सभी सदस्यों ने संसदीय आचार, व्यवहार और संस्कृति को सीखा और मजबूती प्रदान की। नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आभार प्रदर्शन संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा किया गया। राज्यपाल हरिचंदन ने मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल को भी विधानसभा द्वारा सम्मानित किया गया। पंडित उमादत्त शर्मा द्वारा संकलित एवं झाबरमल्ल शर्मा द्वारा संपादित ''भारतीय देश भक्तों की कारावास कहानी'' पुस्तक का विमोचन राज्यपाल ने किया।

संगीता, रंजना व धर्मजीत को मिला सम्मान : इस कार्यक्रम में सत्तापक्ष की विधायक संगीता सिन्हा और प्रतिपक्ष की विधायक रंजना दिपेन्द्र साहू को वर्ष 2022 का उत्कृष्ट विधायक सम्मान और विधायक धर्मजीत सिंह को पंचम विधानसभा के जागरूक विधायक सम्मान से नवाजा गया। प्रिंट मिडिया के राहुल जैन और इलेक्ट्रानिक मीडिया के देवव्रत भगत और कैमरामेन रोहित श्रीवास्तव को उत्कृष्ट संसदीय पत्रकार का सम्मान दिया गया।

खूंटाघाट से छोड़ा जाए पानी

■ जिपं अध्यक्ष अरूण चौहान और सभापति अंकित गौरहा ने कलेक्टर को बताया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बेलतरा क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसानों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष और सभापति कलेक्टर से मुलाकात कर खूंटाघाट से नहर में पानी छोड़े जाने को लेकर बातचीत की है। अरूण चौहान और अंकित गौरहा ने किसानों की तरफसे लिखित मांग पत्र पेश कर बताया कि पानी की कमी को लेकर परेशान हैं। बोनी की पक्रिया के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। इसलिए खूंटाघाट जलाशय से किसानों को पानी दिया जाए।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण चौहान ने कलेक्टर से मुलाकात के दौरान बताया कि किसानी कार्य शुरू हो गया है। बोनी को लेकर पर्याप्त पानी नहीं है। जिसके चलते किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों की तरफ से भी किसानों की परेशानी को लेकर लगातार बात कही जा रही है।

दोनो नेताओं ने कलेक्टर को लिखित में बताया पानी की कमी के कारण किसानों का बोनी कार्य प्रभावित हो रहा है। इसके चलते किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। बोनी कार्य को लेकर अभी भी पानी पर्याप्त नहीं है। इसके पहले किसानी कार्य प्रभावित होज्खूंटाघाट से पानी छोड़कर किसानों की चिंता दूर किया जाना जरूरी है। जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने बताया कि बेलतरा क्षेत्र दर्जनों गांवों के प्रतिनिधियों ने जिला पंचायत पहुंचकर बार बार बुआई कार्य प्रभावित होने का कारण पानी की कमी को बताया है। भरवीडीह,मदनपुर, सेमरा,सिंघरी,लखराम,जलसो,सेमरताल के किसान बहुत परेशान हैं। यदि नहर में पानी छोड़ा जाता है तो किसानों की समस्या ना केवल खत्म होगी। बल्कि पर्याप्त पानी मिलने से बुआई कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा। कलेक्टर से मुलाकात के बाद दोनो नेताओं ने बताया कि कलेक्टर ने किसानों की पानी समस्या को गंभीरता से लिया है।

अमित शाह को अभी मणिपुर में ध्यान देना चाहिए : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को अभी मणिपुर में ध्यान देना चाहिए। मणिपुर 80 दिनों से हिंसा की आग में सुलग रहा है मणिपुर की जनता अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत हैं डबल इंजन की सरकार मणिपुर की जनता को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो गई है।

मणिपुर में 80 दिनों के भीतर 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। 5000 घरों में आग लगा दिया गया है 50,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। जान-माल को भारी क्षति पहुंची है भाजपा सरकार के जिम्मेदार लोग मौन बैठे हैं। महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया जा रहा है जघन्य हत्याकांड हो रही है बर्बरता दिख रहा है। मणिपुर की राज्यपाल अनसुईया उईके भी मणिपुर के हालात को लेकर व्यथित है। केन्द्र सरकार को मणिपुर की हालात से अवगत करा चुके है उसके बावजूद मोदी और शाह चुप हैं। पीसीसी चीफ बैज ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा के चुनाव की तैयारी बूथ स्तर पर कर रही है और भाजपा दिल्ली में कर रही है। प्रदेश भाजपा के नेताओं के उपर उनके केंद्रीय नेतृत्व को भरोसा नहीं है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, अजय जमवाल, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की कोई सुन नहीं रहा है। भाजपा में गुटबाजी चरम सीमा पर है कई गुटों में भाजपा बटी हुई है। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बार-बार छत्तीसगढ़ आकर मंडल स्तर की बैठकों को करना पड़ रहा है। भाजपा कुछ भी कर ले 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाएगी और 2024 में केंद्र से मोदी सरकार की विदाई है।

टाटा समूह के साथ मिलकर भूपेश सरकार निखारेगी युवाओं का कौशल

■ प्रदेश के 36 आईटीआई को किया जाएगा अपडेट, सीएम की उपस्थिति में हुआ एमओयू

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योगों और बाजार की मांग के अनुरूप युवाओं का कौशल निखारने के लिए राज्य सरकार ने टाटा समूह के साथ मिलकर बड़ी पहल की है। टाटा समूह की टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने राज्य के 36 आईटीआई को अपग्रेड करने के लिए 1188.36 करोड़ के समझौता सहमति (मेमोरेंडम आफ एग्रीमेंट) पर शनिवार को हस्ताक्षर किए। सीएम भूपेश बघेल की उपस्थिति में विधानसभा परिसर स्थित सीएम कार्यालय कक्ष में एमओयू की औपचारिकता पूरी की गई। गौरतलब है कि टाटा टेक्नोलॉजीस के साथ हुए एमओयू के तहत राज्य के 36 आईटीआई में युवाओं को 6 नए ट्रेडों में तथा 23 शॉर्ट टर्म कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। टाटा टेक्नोलॉजीस द्वारा राज्य के चयनित आईटीआई में अत्याधुनिक तकनीकी वर्कशॉप की स्थापना, प्रशिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा राज्य के युवाओं को प्लेसमेंट देने में टाटा और उनकी सहयोगी कंपनी सहयोग करेगी। इस परियोजना से प्रति वर्ष 10 हजार से अधिक युवाओं को नये जमाने के अनुरूप तकनीकी प्रशिक्षण मिलेगा।

तहसीलदार और सब इंजीनियर पर 25-25 हजार का अर्थदंड

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग ने सूचना देने में लापरवाही बरतने पर दो जन सूचना अधिकारियों पर 25- 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। इन अधिकारियों में एक तत्कालीन तहसीलदार और एक तत्कालीन उप अभियंता शामिल है। राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन के निराकरण में लापरवाही बरतने और समय सीमा में क्रियान्वयन नहीं किये जाने पर संबंधित जनसूचना अधिकारियों पर यह अर्थदंड लगाया है। एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान पाया गया कि रायपुर तहसील के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को मार्च 2019 में आवेदक द्वारा सीमांकन से संबंधित दस्तावेजों आदि का अवलोकन करने का आवेदन दिया गया था। किंतु जन सूचना अधिकारी के द्वारा 3 वर्ष विलंब से आवेदक को अवलोकन के लिए सूचना जारी किया गया। इस संबंध में आयोग के द्वारा तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया गया, जिसका कोई जवाब उनके द्वारा नहीं दिया गया। इस कारण से तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार रायपुर एवं वर्तमान में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर अमित बेक पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

एक अन्य प्रकरण में नगर पालिका रतनपुर के तत्कालीन जन सूचना अधिकारी द्वारा नामांतरण संबंधी फ इलों से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी आवेदक के द्वारा चाहे जाने के विषय पर मूल आवेदन का समय सीमा में निराकरण नहीं करने और आयोग को जवाब नहीं प्रस्तुत करने के कारण तत्कालीन जन सूचना अधिकारी एवं उप अभियंता एवं वर्तमान में नगर पालिका परिषद बड़े बचेली जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ देवेंद्र पहाड़ी पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया है।

कॉलोनाइजर डा. अशोक खेमका के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निवेश से पास लेआउट के विरुद्ध निर्माण तथा आम जनता को छलपूर्वक कूटरचित लेआउट दिखाकर कॉलोनी विकास की अनुमति हासिल कर शहरी गरीब आवास की भूमि को हड़पने के मामले में विधानसभा थाना पुलिस ने कॉलोनाइजर मेसर्स सूर्या लैंड डेवलपर्स डॉ. अशोक खेमका के खिलाफधारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मामला सड्डू में विकसित की गई राजधानी विहार नामक कॉलोनी का है। पुलिस ने बताया कि एफआईआर नगर निगम के जोन क्रमांक 9 के प्रभारी सहायक अभियंता अंशुल शर्मा ने दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार कॉलोनाइजर मेसर्स सूर्या लैंड डेवलपर्स द्वारा ग्राम सड्डू में विकसित की गई राजधानी विहार नामक कॉलोनी में तथ्यों को छिपाकर कूटरचित ढंग से अनुमति प्राप्त कर शासन की योजना के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न की जा रही है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि कॉलोनाइजर द्वारा रजिस्ट्री के लिए उपयोग में लाए जा रहे संयुक्त नक्शे को नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है।

जनपद सीईओ पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लॉक की मार्री बंगला में संचालित ग्रामीण औद्योगिक पार्क के तहत हाल ही में खोलें गारमेंट फैक्ट्री (रेडीमेड कपड़े) के संस्थान में वहां की समूह द्वारा जनपद सीईओ पर वित्तीय अनियमितता और अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया है। समूह की करीब 27 महिलाओं ने इस मामले में लिखित शिकायत की है। सरपंच संघ की बैठक में भी यह लिखित मुद्दा आया। जिस पर सरपंच संग डौंडीलोहारा ने महिलाओं के उक्त समूह को न्याय दिलाने समर्थन किया है और सीईओ के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आवाज उठाई है। महिलाओं ने लिखित में बताया है कि मार्री बंगला के उक्त संस्थान में वित्तीय अनियमितता एवं जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा हमसे दुर्व्यवहार किया जाता है। बिंदुवार समस्या बताते हुए महिलाओं ने अपनी शोषण के खिलाफ आवाज उठाई है। हम रीपा मार्री बंगला के सभी सदस्य एवं कार्यकता अवगत कराना चाहते है कि रीपा मार्री बंगला में 70 से अधिक महिलाएँ कार्यरत है महिलाएँ उच्च अधिकारियों से हमेशा अपेक्षा रखती है कि उच्च अधिकारी महिलाओं के प्रति व्यवहार कुशल रूप से पेश आए एवं किसी समस्या या पत्र के संबंध में समाधान प्रस्तुत करें किन्तु जनपद पंचायत डौंडी लोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश पाण्डे द्वारा महिलाओं के प्रति व्यवहार अनुचित तरीके का होता है। बातचीत दौरान अनर्गल एवं अपशब्दों का प्रयोग किया जाता हैं। रीपा से संबधित किसी भी प्रश्न के जवाब में सीईओ द्वारा अक्सर पर बात की जाती है कि तुम लोगों की औकात क्या है? कि रीपा का संचालन कर सको। मैंने तुम लोगों को दो करोड़ में रीपा दिलाया है। रीपा मार्री बंगला के लिए कुल 64 नग सिलाई मशीन प्राप्त हुआ है। इसके संबंध में राशि का जिक्र अलग-अलग व्यक्ति के पास अलग अलग बताया जाता है। किसी से 18 लाख तो किसी से 32 लाख रुपये बताया गया है। रीपा के लिए 4 कुलर जनपद पंचायत लोहारा से सीईओ. द्वारा उपलब्ध कराया गया था। इस संबंध में भी वही बात आई कि अलग-अलग व्यक्तियों के लिए अलग-अलग राशि बताया गया। भुगतान के रूप में एक लाख पचास हजार का भी भुगतान किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा कूलर के राशि के संबंध में पूछे जाने पर सी.ई.ओ. ने चारो कूलर एवं जनपद पंचायत मंगा लिया। और कहने लगे कि जब तक सभी सदस्य माफी नही मांगते दोबारा कूलर उपलब्ध नही कराया जाएगा। सदस्यों के द्वारा माफी मांगे जाने पर फिर से सीईओ. द्वारा कूलर दिया गया। रीपा सभी 70 सदस्यों के व्यक्तिगत बैंक खाते में 15000 राशि रीपा पेमेंट के नाम से प्राप्त हुआ था जिसे वापस मांगा गया। पूछने पर कहा गया कि इस राशि का उपयोग कच्चा माल मंगाने में किया जाएगा। विगत 3 माह से सभी सदस्यों द्वारा 3600 नग पेटीकोट सिलाई किया गया। सिलाई दौरान कहा गया कि उक्त कपड़ा की बिक्री सरल फाउन्डेशन को किया जाएगा। रीपा द्वारा पेटीकोट के अलावा अन्य सामान जैसे टीशर्ट आदि भी सिलाई की गई, इसके संबंध में भी कहा जा रहा है कि इसकी बिक्री की जिम्मेदारी रीपा समिति की है। जिसे दुर्ग राजनांदगाँव रायपुर आदि में घूम-घूम कर बिक्री करनी होगी। विगत 4 माह से लगातार काम करने के बाद भी अभी तक मजदूरी के रूप में कुछ भी राशि प्राप्त नहीं हुआ। दूसरे गाँव से बस में 10 से 20 रुपये टिकट खर्च कर आते हैं। कुछ महिलाएँ सिंगल फैमिली से है। जिससे बच्चों के जिम्मेदारी और घर चलाने की बाध्यता है। रीपा से अब तक कोई मजदूरी या मानदेय प्राप्त ना होने से मुश्किल हो रहा। रीपा द्वारा स्वयं बिक्री के पश्चात मजदूरी मिलने की बात कही जा रही है तो हम सभी महिलाएँ आशंकित हैं ।

हमारी ये है मांग

महिलाओं ने कहा उपरोक्त बिंदुओं के अनुसार सभी सदस्य चाहते हैं कि रीपा संचालन निष्पक्ष एवं ईमानदार व्यक्ति के हाथ में हो जो हम कम पढ़ी लिखी महिलाओं को विश्वास में लेकर एवं शासन से प्राप्त राशि एवं भुगतान कार्य करें । शासन से प्राप्त राशि एवं भुगतान के संबंध में किसी भी प्रकार की अनियमितता हो तो दोषी व्यक्ति के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। जनपद पंचायत सीईओ और अन्य अधिकारी द्वारा यह धमकी दी गई की समिति के किसी भी सदस्य द्वारा शिकायत करेंगे हो किसी के लिए ठीक नही होगा।

ये हैं शिकायत करने वाले

रजनी चौहान, गायत्री बाई, कामिनी, कीर्ति, गोदावरी, श्यामा बाई, काजल, तारिणी साहू, परमेश्वरी, तोरण बाई सिन्हा, पूर्णिमा बाई, हिना , कामिनी देवांगन, प्रतिमा साहू, जामुन टंडन, राधाबाई, चंद्रकला, कुलेश्वरी, हेमलता, ललेश्वरी, टामिन गेमेश्वरी, दीपिका, निशा साहू, लालिमा देवांगन आदि ने मामला उठाया है।

इनका कहना है

सरपंच संघ के अध्यक्ष पोशनलाल देवांगन ने कहा कि जनपद में हुए हमारी बैठक के दौरान यह मुद्दा आया। रीपा से जुड़ी उक्त महिलाओं ने हमसे लिखित शिकायत कर न्याय की मांग की है। अगर सीईओ या किसी भी अधिकारी द्वारा इस तरह से महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है तो ये गलत है। सरपंच संघ उनकी शिकायतों का समर्थन करता है और दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही को लेकर मांग करते हैं। इस मुद्दे को लेकर कलेक्टर से भी शिकायत की जाएगी। कार्रवाई होनी चाहिए। वही संबंध में जब हमने सीईओ रुपेश पांडे से जानकारी लेनी चाही तो उनका मोबाइल नंबर 9424160405 स्विच ऑफबताया।

मेगा प्रोजेक्ट: एसईसीएल ने 700 स्कूलों में लगाए स्मार्ट-क्लास

बिलासपुर। एसईसीएल के दीपका मेगा प्रोजेक्ट से चंद किलोमीटर की दूरी पर स्थित है झाबर गाँव। यहाँ के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा आठवीं में पढ़ रहे गौरव सिंह स्मार्ट-क्लास के बारे में बातचीत को लेकर उत्साहित हैं। उनके गांव झाबर के आस-पास कई ऐसे गांव हैं जहां की शासकीय शालाओं में पहली बार स्मार्ट क्लास जैसी अध्ययन-अध्यापन की आधुनिक तकनीक लगाई गयी है। वे कहते हैं, ÷स्कूल में हमला प्रॉजेक्टर ले पढ़ाए जाथे अऊ स्मार्ट-क्लास लगे ले मोर पढ़ाई मा अब बहुत मन लगत हे। एकर से पढ़े मा बहुत मजा आवत हे जेकर से हमला रोज़ स्कूल आए के मन करथे। परंपरागत रूप से स्कूलों में शिक्षक ब्लैकबोर्ड के माध्यम से बच्चों को पढ़ाते हैं और बोलकर उनको चीजों को समझाते हैं। जब क्लास में इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के माध्यम से शिक्षा दी जाती है तब उसे स्मार्ट-क्लास या डिजिटल क्लासरूम कहा जाता है। ऐसी क्लास में ब्लैक-बोर्ड या व्हाइट-बोर्ड के स्थान पर डिजिटल बोर्ड या इंटरएक्टिव बोर्ड लगा होता है।

SECL South Eastern Coalfields Limited

भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आज

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा जिला सूरजपुर के जिला कार्यसमिति की बैठक दिनांक 23 जुलाई 2023 को समय 11:00 भटगांव सांस्कृतिक भवन परिसर में आहूत की गई है।

जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर देव पहुंचे सारंगपुर

■ ग्रामीणों से चर्चा कर ली स्वच्छ पेयजल मिलने की जानकारी

मुंगेली/नवप्रदेशी। शासन की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर राहुल देव लोरमी विकासखंड के ग्राम सारंगपुर पहुंचे।

उन्होंने वहां सोलर नल जल प्रदाय योजना के तहत प्रतिदिन समय पर स्वच्छ पेयजल मिलने की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों से गांव में परिवारों की संख्या, टंकी की क्षमता, लागत आदि के बारे में पूछा। साथ ही ग्रामीण के घर में जाकर नल कनेक्शन का अवलोकन भी किया। इस दौरान वहां उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दोपहर के समय पानी उपलब्ध कराया जाता है, खेती किसानी का दिन है, दोपहर को खेत में कार्य करते है। यदि सबेरे पानी उपलब्ध हो जाता तो, काफी सहूलियत होता। कलेक्टर ने ग्रामीणों को सबेरे पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवारों को शासन के नियमानुसार निश्चित मात्रा में पानी मिलना चाहिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से खेती किसानी और वहां उपस्थित युवाओं से शिक्षा, बेरोजगारी भत्ता योजना आदि के संबंध में चर्चा की और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ उठाने प्रेरित किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ने बताया कि गांव में लगभग 60 परिवार है, प्रत्येक परिवार को निश्चित मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराने 25.59 लाख रूपए की लागत से सोलर नल जल प्रदाय योजना के तहत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन लगाया गया है। सोलर पम्प से पानी भरने की गति थोड़ी धीमी होने के कारण अभी समस्या हो रही है, शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री विजेंद्र पाटले, जनपद पंचायत सीईओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कला-केन्द्र में निखर रही है बच्चों-युवाओं की प्रतिभा

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप जिला मुख्यालय के मंडी परिसर में संचालित कला-केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभा निखर रही है। यहां के बच्चे व युवाएं विभिन्न विधाओं चित्रकला, कत्थक, गायन, गिटार, तबला, वेस्टर्न एवं क्लासिकल डांस, हारमोनियम आदि में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को नई पहचान दे रहे हैं। कलेक्टर राहुल देव ने गुरुवार को कला-केंद्र में सुविधा विस्तार करने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नियमित साफ - सफाई तथा कला-केंद्र में आवश्यक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के बच्चों एवं युवाओं के नैसर्गिक प्रतिभाओं को निखारने हेतु जिला मुख्यालय में कला केन्द्र की स्थापना की गई है। कला-केंद्र के व्यवस्थित संचालन के लिए समिति का गठन किया जा रहा है। समिति के गठन होने से कला-केंद्र मे व्यवस्था बढ़ेगी। समिति द्वारा कला-केंद्र के बेहतर संचालन के लिए हर जरूरी निर्णय लिया जा सकेगा। उन्होंने कला-केंद्र का स्कूलों में भी प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। ताकि स्कूली विद्यार्थी भी कला-केंद्र के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखार सकें और देश-विदेश में जिले का नाम रोशन कर सकें। बता दें कि कला-केन्द्र में शाम 04 बजे से 08 बजे तक प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों एवं युवाओं के साथ प्रशिक्षण देने के इच्छुक व्यक्ति भी सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2022 की प्रथम किस्त के लंबित भुगतान प्रकरणों के निराकरण हेतु सत्यापन तथा एकीकृत किसान पोर्टल में प्रविष्टि का कार्य जिले के सभी तहसील कार्यालयों में तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव ने गुरुवार को सत्यापन की वस्तुस्थिति जानने तहसील कार्यालय लोरमी का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां राजीव गांधी किसान न्याय योजना के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारी को यथाशीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा भूस्वामी का नाम त्रुटिपूर्ण होने अथवा भूस्वामी का प्रकार त्रुटिपूर्ण होने इत्यादि के कारण कई किसानों का योजना के तहत किस्त की राशि का भुगतान लंबित है, जिसका निराकरण गंभीरतापूर्वक करें। संबंधित पटवारियों के माध्यम से यथाशीघ्र सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण कर एकीकृत किसान पोर्टल में एंट्री कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा राजीव गांधी किसान न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से है। कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना के लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए। तहसीलदार लोरमी ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का सत्यापन कर पोर्टल में एंट्री किया जा रहा है। तहसील लोरमी में कुल 2185 हितग्राहियों का सत्यापन किया जाना है, जिसमें से 2172 हितग्राहियों का सत्यापन किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

गौठानों में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में फसलों को चराई से बचाने एवं पशुओं को गौठानों में नियमित रूप से लाने के लिए जनजागरूकता हेतु रोका-छेका अभियान चलाया जा रहा है। पशु चिकित्सा सेवाएं के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि गत दिवस रोका-छेका अभियान के तहत तीनों विकासखण्डों के 150 गौठानों में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 1436 पशुओं का उपचार, 11772 औषधि वितरण, 5510 डिवार्मिंग, 76 बधियाकरण, 14 कृत्रिम गर्भाधाम, 6096 टीकाकरण एवं 12 पैरा यूरिया उपचार का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही गौठान प्रबंधन समिति, ग्रामीणों, महिला स्वसहायता समूह एवं चरवाहों की बैठक ली गई और उन्हें फसलों को चराई से बचाने एवं पशुओं को गौठानों में नियमित रूप से लाने समझाईश दिया गया।

कड़ी मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

मुंगेली/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर राहुल देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पूजा अर्चना के साथ हुई।

तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा भरतनाट्यम, शिव ताण्डव जैसे रंगारंग मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। प्रवेशोत्सव के दौरान अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को स्कूली बैग, किताबें प्रदान किया गया। कलेक्टर देव ने नवोदय विद्यालय के कक्षा 06वीं में चयनित विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस विद्यालय में प्रवेश लेना बहुत कठिन होता है। जिन बच्चों का चयन हुआ वह बहुत मेहनती है। कलेक्टर ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने से सफलता जरूर मिलती है। हमें अपने जीवन में असफल होने पर कभी नहीं घबराना चाहिए, बल्कि उसका डटकर सामना करना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि अपने अंदर की प्रतिभा का पहचान कर देश की उन्नति में अपना योगदान दें और अपने माता-पिता व जिले के नाम रोशन करें। कलेक्टर ने स्कूल के टॉपर्स से भी संवाद किया और उन्हें कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी अपना प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि खेल से मानसिक तनाव दूर होते है। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए स्कूल के बारे में अवगत कराया। उन्होने बताया कि जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सत्र 2023-24 हेतु कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु 05 हजार 372 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया था। जिसमें से 40 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

टूरिज्म को बढ़ावा देने विधायक ने की पहल

सक्ति/नवप्रदेश। नवगठित शक्ति जिले में टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं क्षेत्र की जनता को प्राकृतिक एवं नैसर्गिक धरोहर का लाभ दिलाने स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अनुकरणीय पहल की है तथा विधानसभा अध्यक्ष महंत के प्रयासों से धनपुर गुढ़वा में स्थित भव्य जलप्रपात में पर्यटकों के पहुंचने के लिए करोड़ों की लागत से पक्की नई सड़क का निर्माण होगा।

उपरोक्त जानकारी देते हुए नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र के गुदवा में जलप्रपात स्थित है, जो कि धनपुर से लगा हुआ है एवं इस जलप्रपात में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं, तथा उपरोक्त जलप्रपात तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क के आभाव के कारण इस पर्यटन स्थल में लोगों को आने- जाने में असुविधा होती थी, जिसे देखते हुए शक्ति के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने पहल करते हुए उसका तकनीकी प्रस्ताव बनाकर भेजा तथा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय रायपुर ने 12 जुलाई 2023 को उपरोक्त सड़क निर्माण हेतु करीब 3 करोड़ 48 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिससे अब पर्यटकों को गुढ़वा जलप्रपात पहुंचने में सुविधा होगी, तो वही यह पर्यटन स्थल और अधिक तेजी से विकसित होगा।

कलेक्टर ने सौंपी मछुआरों को पिकअप वाहन की चाबी

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत कलेक्टर राहुल देव ने बुधवार को विकासखण्ड लोरमी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मछुआ सहकारी समिति महरपुर के अध्यक्ष आजूराम ढीमर एवं सामूहिक मत्स्योद्योग मछुआ सहकारी समिति मर्यादित लाखासार के अध्यक्ष रामनाथ ढीमर को मछली विक्रय हेतु चारपहिया वाहन की चाबी सौंपी।

कलेक्टर ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनने की बात कही। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक श्रीमती सीमा चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत 04 लाख रूपए की राशि का अनुदान दिया जाता है, जिसके अंतर्गत दोनों समितियों को 04-04 लाख रूपए की अनुदान राशि प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम खुड़िया में आयोजित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मछुआरों ने आवेदन प्रस्तुत कर योजना का लाभ दिलाने की मांग की थी, जिसके तहत उन्हें मछली विक्रय हेतु चारपहिया वाहन प्रदान की गई है।

इसके लिए मछुआ समिति के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित किया है। बता दें कि इन मछुआ समितियों द्वारा गत 30 वर्षों से मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक ग्राम लाखासार के 85 मछुआ सदस्य एवं ग्राम महरपुर के 80 मछुआ सदस्य लाभांवित हुए हैं। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

स्कूलों में पाठ्य-पुस्तक का शीघ्र वितरण करने के निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने गुरुवार को विकासखंड स्त्रोत केंद्र मुंगेली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी ली और भंडारण कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने भंडारण कक्ष में बड़ी संख्या में किताब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और कहा कि सभी स्कूलों में किताब समय पर वितरण हो जाना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने सभी शासकीय स्कूलों में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराया जाता है और यह पुस्तक विकासखंड स्त्रोत केंद्र में ही पड़ा रहा तो, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को पुस्तक वितरण के कार्य को गंभीरता से नहीं लेने पर लिखित में नोटिस जारी करने और यथाशीघ्र स्कूलों को पुस्तक वितरण कराने के निर्देश दिए।

बिरहोर समुदाय को बताया ईवीएम मशीन से कैसे दें वोट

रायगढ़/नवप्रदेश। मतदान का महत्व और ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने जिले की सभी विधानसभाओं के गांव-गांव में मतदाता जागरूकता प्रचार रथ भ्रमण कर रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने बीते दिनों कलेक्टोरेट से हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया था। उनके निर्देश पर यह मतदाता प्रचार रथ अब जिले के अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। धरमजयगढ़ विधानसभा के विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य गांवों में लोगों को इस रथ के माध्यम से मतदान के महत्व तथा ईवीएम मशीन के जरिए वोटिंग की पूरी प्रक्रिया भी समझाई जा रही है।

इसी कड़ी में धरमजयगढ़ विधानसभा के खलबोरा गांव में ईवीएम प्रदर्शन वैन पहुंची। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोग निवास करते हैं। मतदाता जागरूकता प्रचार रथ के माध्यम से गांव वासियों को मतदान के बारे में पूरी जानकारी दी जा रही है। ईवीएम का प्रदर्शन कर उन्हें मशीन की कार्यप्रणाली समझाया जा रहा है। बैलेट यूनिट से कैसे वोट डालना हैं। वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान करना है, यह सब बताया जा रहा है। इस मौके पर ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ईवीएम मशीन के बारे में न केवल जानकारी ली बल्कि वोट कैसे डाला जाता है यह भी कर के देखा।

उल्लेखनीय हैं कि भारत निर्वाचन आयोग एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन कार्यालय के दिशा-निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता का विशेष अभियान स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। (स्वीप) सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के इस कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही जिस समुदाय एवं मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है वहां मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

कड़कनाथ-बटेर उत्पादन यूनिट शीघ्र स्थापित करें

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने बुधवार को मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम ढकेलकापा में कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया।उन्होंने वहां कड़कनाथ व बटेर के पालन हेतु डीएमएफ मद से स्वीकृत भवन का अवलोकन किया और शीघ्र उत्पादन यूनिट स्थापित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कृषि संबंधी नवीनतम तकनीक की भी जानकारी ली।इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

सिजेरियन प्रसव से बचाई भैंस की जान

मुंगेली/नवप्रदेश। झगरहट्टा में पशु चिकित्सा सेवाएं के चिकित्सकों द्वारा सिजेरियन प्रसव से मृत वत्स को बाहर निकालकर एक भैंस की जान बचाई गई। विभाग के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम झगरहट्टा में हेमन्त सिंह परिहार की एक भैंस की 12 जुलाई को प्रसव होने वाली थी, परन्तु 13 जुलाई तक प्रसव नहीं होने पर पशु मालिक ने पशु चिकित्सा सेवाएं के चिकित्सक डी. के. सारस्वत से सम्पर्क किया।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत अस्पताल और कोतवाली में हंगामा

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश/नवप्रदेश। एमसीबी जिला अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ मे दोपहर पश्चात हुए सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत के बाद शुक्रवार की देर रात मनेंद्रगढ़ में जमकर हंगामा हुआ।

मृतक के परिजन ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ पहले अस्पताल में उसके बाद फिर कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया। परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया वही हॉस्पिटल में कोई डॉक्टर नही होने व स्वास्थ अधिकारी के फोन नही उठाने से परिजन भड़क गए ।

इस दौरान उत्तेजित भीड़ ने सीएमएचओ डा सुरेश तिवारी को मारने के लिए दौड़ाया। वे किसी तरह अस्पताल के बाजू में स्थित सिटी कोतवाली में पहुंचे तथा अपनी जान बचाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी निमेष बरैया पुलिस बल के साथ थाना परिसर में पहुंच गए थे। स्थिति को देखते सिटी कोतवाली का चैनल गेट बंद कर दिया गया। इधर मृतक के परिजन सीएमएचओ डॉ सुरेश तिवारी के इस्तीफे की मांग और उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग को लेकर देर रात तक थाना के सामने जमा रहे। वही स्वास्थ कर्मचारी अपने अधिकारी व दोसी कर्मचारी को बचाने शनिवार को ओपीडी बंद कर विरोध में हॉस्पिटल के सामने बैठ गए जिससे दूर दराज से आये मरीज परेशान होते नजर आए किसी तरह मामले को शान्त कर कड़ी सुरक्षा के बीच पीएम व अंतिम संस्कार कराया गया वही जाच टीम उक्त घटना को लेकर सरगुजा संभाग से पहुँची हैं जहा जाच कर पश्चात कार्यवाही की सुगबुगाहट हैं !

मिली जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ शहर के मौहार पारा इलाके में रहने वाला नारायण पतवार नामक एक युवक शुक्रवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक को लेकर उसके परिजन शाम लगभग 4 बजे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां मौजूद मेडिकल स्टाफ ने उनका प्राथमिक उपचार तो किया लेकिन परिजन बार-बार डॉ सुरेश तिवारी को फोन लगाते रहे और वे एक बार भी मरीज को देखने के लिए अस्पताल नहीं पहुंचे। इसी बीच घायल नारायण पवार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायल नारायण पतवार की मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों ने अस्पताल में हंगामा मचाना शुरू कर दिया। इस बीच हंगामे की खबर सुनकर आनन फानन में अस्पताल पहुंचे सीएमएचओ डॉ सुरेश तिवारी को देखकर मरीज के परिजन उन्हें मारने के लिए दौड़ाने लगे। तब किसी तरह भाग कर डा.तिवारी सिटी कोतवाली पहुंचे और अपनी जान बचाई। डॉ सुरेश तिवारी की कोतवाली पहुंचते ही भारी संख्या में मरीज के परिजनों के साथ आसपास के लोग भी कोतवाली में जमा होने लगे। और सभी डॉ सुरेश तिवारी के इस्तीफे की मांग करते हुए विधिक कार्रवाई करने के लिए दबाव बनाने लगे। इधर मरीज के परिजन थाने में हंगामा मचा रहे थे, वहीं दूसरी ओर जब इस बात की खबर अस्पताल के स्टाफ को लगी तो पूरा स्टाफ रात्रि में मरीज को भगवान भरोसे छोड़ अस्पताल छोड़कर बाहर भाग गए । जिसके चलते अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजन परेशान होते रहे। देर रात तक मृतक के परिजन कोतवाली में जमा रहे। मृतक के परिजन इस दौरान काफी आक्रोशित दिखाई दिए।

न्यूज गैलरी

डीईओ और सेजेस प्रभारी ने ली बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। डीईओ और सेजेस प्रभारी ने जिले के 31 स्वामी आत्मानंद स्कूलों के प्राचार्यों की गुरुवार को समीक्षा बैठक ली। डीईओ डीके कौशिक ने कहा कि वर्तमान में जिले के 7 अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में संविदा में जिन शिक्षकों की भर्ती हुई है, उन्होंने अब तक ज्वॉइन किया है या नहीं, इसकी जानकारी मांगी गई। नए भवनों के निर्माण कार्य और अतिरिक्त कक्ष की जानकारी ली गई। बैठक में यह बात सामने आई कि अधिकांश जगहों पर आरईएस द्वारा स्कूलों की रिपेयरिंग की जा रही है, यहां सीपेज के कारण बच्चों को पाई करने में काफी दिक्कत हो रही है। जवाहर नवोदय स्कूल में 10 अगस्त से प्रवेश के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। डीईओ ने कहा कि ध्यान रखा जाए कि जिले के बाहर के बच्चों को नवोदय में प्रवेश न दिया जाए। जिले के बच्चों का ही चयन किया जाए।

एयू ने जारी किए परीक्षा परिणाम

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी लगातार रिजल्ट जारी कर रहा है। गुरुवार को यूनिवर्सिटी ने 4 रिजल्ट जारी किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. तरुणधर दीवान ने बताया कि बीएससी द्वितीय वर्ष का रिजल्ट 56.17 प्रतिशत है। वहीं बीए द्वितीय का रिजल्ट 53.77 प्रतिशत है। इसके अलावा बीकॉम प्रथम का भी रिजल्ट जारी हुआ है। इसका रिजल्ट 52.10 प्रतिशत है। वहीं एमए पूर्व अंग्रेजी का रिजल्ट 76.10 प्रतिशत है। डॉ. दीवान ने बताया कि स्नातक के सभी रिजल्ट जारी हो गए हैं। इन छात्रों को अगली कक्षा में प्रवेश लेने में परेशानी नहीं होगी। वहीं स्नातकोत्तर के रिजल्ट भी लगातार जारी हो रहे हैं।

नशे से दिलाएंगे निजात : सीएसपी पूजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। नशे के खिलाफ एसपी संतोष कुमार के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान निजात के तहत बुधवार को विजयापुरम स्थित आनंद पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। सीएसपी आईपीएस पूजा कुमार ने अभियान के संबंध में जानकारी दी। कहा कि युवा पीढ़ी को बिलासपुर पुलिस नशे के भंवर से निजात दिलाएगी। सरकंडा टीआई जेपी गुप्ता ने कहा पुलिस ड्रग्स, नारकोटिक्स और अवैध नशे के विरुद्ध अभियान चला रही है। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक चंदा बंसल, प्रिंसिपल प्रीति धारा व शिक्षक मौजूद रहे।

अपोलो में युवक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के अपोलो हॉस्पिटल में सरकंडा के युवक अमल खरे की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने दूसरे दिन भी जांच कमेटी नहीं बनाई। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शुक्ला का कहना है कि वे जल्द की मामले में जांच टीम गठित करेंगे। फिलहाल उनका फोकस डायरिया मरीजों के इलाज पर है, इसलिए उन्होंने मामले को ठीक तरह से देखा नहीं है। उनके मुताबिक वे आने वाले दिनों में टीम गठित कर अपोलो और मार्क अस्पताल प्रबंधन पर लगे आरोपों की जांच कराएंगे। इधर, मार्क अस्पताल प्रबंधन मामले में कुछ बोलने से बच रहा है, वहीं अपोलो प्रबंधन ने अपने स्तर पर खुद से इसकी जांच कराने का दावा किया है।

रंजिश को लेकर जानलेवा हमला

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र में हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चाकू व हॉकी स्टिक जब्त की है। नूतन चौक निवासी मनोज प्रजापति ने एफआईआर दर्ज कराई थी। वह अपने भाई संतोष को लेकर बाल कटवाने सेलून जाने के लिए निकला था। नूतन चौक के पास सूरज यादव, अजय कोरी, अनिकेत यादव व राजा यादव ने उन्हें रोका और पुरानी रंजिश पर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने मारपीट की। इसी बीच सूरज यादव ने चाकू से गले में हमला कर दिया। इससे संतोष घायल हो गया। मनोज ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही थी। सभी फरार थे। टीआई जेपी गुप्ता के अनुसार गुरुवार को पुलिस को आरोपियों के अपने ही मोहल्ले में होने की सूचना मिली। टीम बनाकर घेराबंदी कराई गई और चारों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चाकू और हॉकी स्टिक बरामद किया है।

सूने मकान से 50 हजार की चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे कर्मी के सूने मकान से चोर जेवर व कैश ले गए। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। मोपका रामकृष्ण नगर निवासी रविंद्र प्रसाद रेलकर्मी हैं। 28 जून को मकान में ताला लगाकर अपने पैतृक निवास डुमरांव बिहार चले गए थे। उनका बेटा बलवंत कुमार कोनी में रहकर पढ़ाई करता है। बीच-बीच में वह अपने घर को देखने आता है। 3 जुलाई की रात करीब 8 बजे वह मकान में ताला लगाकर कोनी चला गया था। 4 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे घर आया तो मकान का ताला टूटा था। उसने अपने पिता को फोन पर जानकारी दी। रेलकर्मी 9 जुलाई को घर आए तो आलमारी में रखे सामान बिखरे हुए थे

सिरगिट्टीवासियों ने सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिजली बंद होने की वजह से परेशान वार्ड क्रमांक 46 गणेश नगर व सिरगिट्टी वासियों के जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सिरगिट्टी स्थित बिजली ऑफिस पहुंचे। यहां उपस्थित सहायक अभियंता बीबी जायसवाल से मुलाकात कर रोजना गुल होने वाली बिजली की समस्या से निजात दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। अधिकारी को समस्या बताते कहा कि हर 2 घंटे बाद बिजली गुल हो जाती है। हल्की हवा व बारिश होने से बिजली बंद हो जा रही है । इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कश्यप, नरेन्द्र श्रीवास, समाज सेवक डा. एसआर साहु, भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य व मुंगेली जिला के सह प्रभारी शाहिद रजा, आदिल खान, इरफान अहमद, अजहर खान, सरफराज खान, सोहन, प्रमोद सहित अन्य उपस्थित रहे।

ड्रंकन ड्रायविंग करते 38 पर कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के चौक चौराहों में बुधवार की रात पुलिस ने वाहन चालकों की जांच की। अभियान में शराब पीकर गाी चलाने वाले 38 पके गए और उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी तरह ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 176 से जुर्माना वसूला गया। एसपी संतोष कुमार के दिशा निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। ऑपरेशन निजात के तहत पुलिस इन दिनों रात को विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर गाी चलाने वालों की धरपक कर रही है। एएसपी राजेंद्र कुमार जायसवाल के अनुसार बुधवार की रात इसी की में शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में चेक पाइंट लगाया गया। यहां संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। इसमें 38 लोग शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए। सभी की गाड़ियां जब्त कर ली गईं। इन गायिों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

कार्यपरिषद में सदस्य बने धीरज

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद में तीन सदस्यों को शामिल किया गया है। कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने हाईकोर्ट अधिवक्ता धीरज वानखेड़े को कार्यपरिषद का सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा रविशंकर यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. मीता झा, उद्योग क्षेत्र से चंद्रशेखर देवांगन को सदस्य बनाया गया है। अधिवक्ता वानखे केंद्रीय विद्यालय कोरबा से स्कूल की पाई की। भारती विद्यापीठ पुणे से एलएलबी की डिग्री हासिल की है।

सुहागिनों ने भगवान शिव-पार्वती की अर्चना

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन महीने की शुरुआत 4 जुलाई से हो चुकी है। इस बार भगवान शिव का प्रिय महीना सावन दो माह का है। श्रद्धालु प्रतिदिन भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना कर रहे है।

इसी की में नगर की महिलाओं ने सुहागिन पूजा का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना की। साथ ही शुभ आशीर्वाद मांगे। इस अवसर पर अनामिका गुप्ता, गीता ठाकुर, साक्षी, पूर्णिमा, उषा, संगीता, अंजू, भारती, रिंकी, ज्योति, रागिनी, मनोरमा दीक्षित, खुशी, मिक्की, पूनम, नेहा गुप्ता आदि शामिल रहीं। आयोजन को सफल बनाने में अनामिका गुप्ता, गीता ठाकुर और साक्षी ठाकुर ने सहयोग

भाजपा ने समस्याओं को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विभिन्न मांग और समस्याओं का ज्ञापन सीएमओ को सौंपा।

साथ ही समाधान की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ईश्वर देवांगन ने कहा कि देश व प्रदेश की जनता को पक्की छत मुहैया कराने के लिए मोदी सरकार द्वारा मोर जमीन मोर आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना तखतपुर निकाय में भ्रष्टाचार की भेंट च गई है। इसका सटीक उदाहरण अनेक हितग्राहियों का आवास किस्त भुगतान को 6 साल से लंबित रखा जाना है। उन्होंने आगे कहा कि निकाय द्वारा 5 से 6 वर्ष पुराने डीपीआर के हितग्राहियों को किस्त भुगतान के लिए तरसाया जा रहा है। इसी प्रकार आवास नामांतरण, भवन व दुकान नामांतरण, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा के अलावा बिजली व सफाई, निर्माण कार्य में भाजपा वार्डों में भेदभाव और परिषद की बैठक न कर लोकतंत्र का मजाक उाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 10 बिंदुओं के स्मरण पत्र को 2 माह बादभी कार्रवाई नहीं करने से भाजपा पार्षद आक्रोशित है। 3 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं करने पर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें ईश्वर देवांगन, नैन लाल साहू, कोमल ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

35 किलो गांजा के साथ पुलिस ने महिला को किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी के बंधवापारा में रहने वाली महिला ने अपने घर के छज्जे में 35 किलो गांजा छुपाकर रखा था। महिला इसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही थी। इसकी सूचना पर पुलिस ने गांजा जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सकरी पुलिस को सूचना मिली कि बंधवापारा में रहने वाली महिला ने अपने घर में गांजा छुपा रखा है। वह गांजा खपाने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। इस पर पुलिस की टीम ने मोहल्ले में रहने वाली रितू कौशिक के ठिकाने पर दबिश दी। पूछताछ में वह गोलमोल जवाब दे रही थी। जवानों ने मकान की तलाशी ली तो छज्जे में दो बोरियों में 35 किलो गांजा मिला। पुलिस की टीम गवाहों के सामने गांजा जब्त कर महिला को थाने ले आई। यहां पूछताछ में उसने बाहर से आए लोगों से गांजा खरीदना बताया। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने ओडिशा के गांजा तस्करों और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ बीते पांच महीनों में लगातार कार्रवाई की है। इसके बाद से ओडिशा की ओर से आ रहे गांजा पर लगाम लगी है। वहीं, अब शहर में गांजा खपाने वालों ने एमपी और यूपी के रास्ते गांजा मंगाना शुरू किया है। गांजा तस्कर सड़क मार्ग के बजाए ट्रेन रूट से शहर में गांजा खपा रहे हैं। बीते एक महीने में पुलिस ने ट्रेन रूट से शहर में गांजा लाने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

फिल इस्पात के विस्तारीकरण के विरोध में भूख हड़ताल जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। डिघोरा में फिल इस्पात संयंत्र के विस्तार को लेकर प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बातचीत हुई। प्रबंधन ने ग्राम विकास करने का हवाला देकर संयंत्र का विस्तार करने की बात कहा। इसके जवाब में ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन ग्राम विकास करने का बार भरोसा देते आ रहे हैं, लेकिन आज तक किसी भी प्रकार के कोई भी कार्य नहीं किया गया है। इससे नाराज ग्रामीणों ने संयंत्र का विस्तार तो दूर की बात पूरी तरह संयंत्र को बंद करने की मांग उठाई है। ग्रामीण विगत आठ दिन से संयंत्र के सामने अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। सकरी के अतिरिक्त तहसीलदार प्रकाश साहू के सयोजन में प्रबंधन एवं ग्रामीणों के बीच कोई वैकल्पिक रास्ता निकालने के लिए बैठक का आयोजन किया गया लेकिन बैठक बेनतीजा ही खत्म हो गई । कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर चौहान सहित प्रबंधन की ओर से तीन लोग एवं ग्रामीणों की ओर से जनपद सदस्य योगेश सहित प्रभावित ग्राम के सरपंच गण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्रामीणों की मांग है कि विस्तारीकरण को रोकने के साथ ही संयंत्र को भी बंद किया जाए। वहीं प्रबंधन से आए प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम विकास के लिए सहयोग स्वरूप एंबुलेंस, पानी टैंकर सहित अन्य तरीके से मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि विगत बीस वर्षों से प्रबंधन ने आज तक ग्राम विकास में कोई योगदान नहीं किया है तो अब क्या करेगी ग्रामीण विस्तारीकरण के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग के साथ ही प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब पंचायतों से एनओसी ही नही दी गई है।

राज्य स्तरीय तैराकी स्पर्धा के लिए जिले की टीम रवाना

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य स्तरीय जूनियर और सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिलासपुर जिले की टीम भिलाई रवाना हो गई है। दो दिवसीय यह प्रतियोगिता भिलाई के डीपीएस स्कूल रिसाली में होगी। छत्तीसगढ़ स्वीमिंग एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इस स्पर्धा के आधार पर राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए राज्य की टीम बनेगी। संघ बेहतर टीम तैयार करना चाह रहा है। इसलिए सभी जिले को इसकी सूचना देकर टीम भेजने के निर्देश दिए गए थे। इस पर बिलासपुर जिला तैराकी संघ ने जिला खेल परिसर स्थित स्वीमिंग पुल में ट्रायल रखा। इसमे श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर टीम तैयार किया गया। चयनित खिलाड़ी भिलाई के रवाना हो गए हैं।

मोहर्रम पर तकरीर और जलसा शुरू, 30 सवारियां स्थापित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोहर्रम की शुरूवात इबादत के साथ हुई। गुरुवार को पहले दिन मुस्लिमों ने शोहदा ए करबला की याद में अनेक आयोजन किए। इरानी व शिया समुदाय ने अपने इमामबाड़ों मे मजलिस वह मरशिया पढ़ते हुए हैरत अंगेज मातम किया। दाऊदी बोहरा समाज ने अपने जमातखाने में शोहदाए करबला की शहादत को याद किया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में मुस्लिम समाज के लोगों ने तकरीर, मजलिस कर करबला की शहादत का बयान किया। शहर के चारों ओर अकीदतमंदों ने शोहदा ए करबला की याद में सवारियों के इमामबाड़ों की सजावट शुरू कर दी है। ताजिए बनाने का काम भी शुरू हो चुका है। शहर में 30 सवारियां और सात ताजिए स्थापित होते हैं। प्रमुख सवारियों में नाले हैदर तालापारा, संदल बाबा, डल्ला जरहाभाठा, बबलू जिया लाल तारबाहर ,सिद्धु बाबा टिकरापारा, सुल्तान तारबाहर, अल्बर्ट मसीह, एफ एम हुसैन, पितांबर चिंगराजपारा, जुनैद कुदुदंड, नाले साहब राजेन्द्र नगर सहित अन्य इमामबाड़ों में सवारियों की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है जिनके पिटारे मोहर्रम के चौथे एवं पांचवें दिन उठाए जाएंगे। मन्नती शेरों और डल्ला शेर ने भी प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी है। अकीदतमंद हबीब मेमन ने नगर निगम को पत्र देकर इमामबाों के सामने व आसपास व शहर के मुख्य मार्गों पर जहां से सवारियां व ताजिए गुजरते हैं वहां फोकस लाइट लगाने, साफ सफाई तथा जल आपूर्ति की मांग की है। रमजानी बाबा दरगाह के हाल में एवं मेमन जमात खाने में मुस्लिम महिलाओं की मजलिस और इबादतों का दौर जारी है, मोहर्रम के विसर्जन दिवस 29 जुलाई शनिवार को विशेष शराब बंदी की मांग जिला प्रशासन से अकीदतमंदों ने की है।

मोहर्रम पर हर साल की तरह उसकी देन कमेटी ने तालापारा रमजानी बाबा शेड में महिलाओं के लिए दोपहर तकरीर का आयोजन किया है। यहां पर मुंबई से आई आलिमा महशर जहां ने शोहदाए-करबला पर तकरीर की। दोपहर 2.30 बजे से 4.30 बजे तक यह कार्यक्रम चला। यह हर दिन इसी समय पर मोहर्रम की 7 तारीख तक चलेगा। इसी तरह से रात में 10 बजे से सत्यम चौक में तकरीर हुई। यहां पर तकरीर किछोछा शरीफ के हजरत सैय्यद अदनान अशरफ साहब ने की।

मासिक वरसी पर अम्मा जी की याद में सुखमनी पाठ, चखा लंगर

बिलासपुर/नवप्रदेश। धन गुरूनानक दरबार डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग साहिब जी जरहाभाटा सिंधी कालोनी में सोमवार को संत माता अद्वि अम्मां जी की मीठी याद में मासिक वरसी उत्सव के अवसर पर श्री सुखमनी साहिब का पाठ संगत द्वारा किया गया. रात्रि 8.00 बजे से 9.00 बजे तक नांदेड़ महाराष्ट्र से आये रागी जत्था राजीव सिंह द्वारा शब्द कीर्तन गुरबाणी से साध संगत को निहाल किया। भाई साहब देवराज धामेचा के द्वारा अरदास की गई कार्यक्रम के आखिर में गुरु का अटूट लंगर प्रसाद वरताया गया बड़ी संख्या में साध संगत ने गुरु का अटूट लंगर चखा इस अवसर पर साध संगत द्वारा गुरु घर हाजिरी भर कर अपार खुशियाँ प्राप्त की. इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में दरबार साहिब के प्रमुख भाई साहब मुलचंद नारवानी जी, सोनू लालचंदानी जी, धर्म टहल्यानी, सेवादार डा. हेमंत कलवानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, विजय दुसेजा, भाई साहब देवराज धामेचा, राजू धामेचा, नरेश मेहरचंदानी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, विकास बजाज, अशोक जज्ञासी, जगदीश जज्ञासी, शंकर हिरवानी, अनीता नारवानी, पलक हर्जपाल, कंचन रोहरा, राखी, वर्षा सुखीजा, गंगाराम सुखीजा, रमेश भागवानी, राखी ईदनानी, समृति जेसवानी, पदक दीपिका, आहूजा माखीजा, अमृता, कशिश जेसवानी, वर्षा सुखीजा, सुमन गुरवाणी, गीता, पलक माखीजा, अशोक मतलानी आदि सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

लिंगियाडीह स्कूल में हुआ कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा में बुनियादी शिक्षा व संख्यात्मक ज्ञान की जानकारी देने शिक्षकों का दो चरणों में प्रशिक्षण चल रहा है। प्रोजेक्टर के माध्यम से संकुल द्वारा प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी शिक्षा के साथ व्यवहारिक शिक्षा का ज्ञान हो सके। शिक्षण पद्धति में बदलाव के लिए नवाचार की तकनीकों की जानकारी देते हुए कई अहम बातें बताई गई। लिंगियाडीह स्कूल में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में आरएमएसए प्रभारी अनिल तिवारी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह राठौर, शहरी स्त्रोत समन्यवक क्रांति साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्राचार्या अल्का अग्रवाल, द्वारा शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया गया। इस प्रशिक्षण की उपयोगिता को बताते हुए शाला में क्रियान्वयन करने की योजना को बताया गया। प्रशिक्षण का आयोजन संकुल क्लब स्तर पर शेषमणि कुशवाहा, आशीष वर्मा, जीपी उपाध्याय, योगेन्द्र वर्मा, संदीप दुबे, प्रभात मिश्रा, विकास साहू, सुनील पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, सरिता नायडू, अनिशा, नीरा, अर्चना आदि मौजूद रहीं।

कार्यकारिणी ने लिया स्वर्णकार समाज को नई दिशा देने का संकल्प

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के सामाजिक बैठक का हुई। अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसके माध्यम से समाज और सामाजिक कार्यों का संचालन सुचारू रूप किया जा सकेगा। उपाध्यक्ष राकेश सोनी को बनाया गया। वहीं सचिव सूर्यकांत सोनी बने।

कोषाध्यक्ष वेद कुमार सोनी, सह सचिव सुरेश सोनी, मीडिया प्रभारी पवन सोनी, जोन प्रभारी चांटा पारा हेमंत सोनी, विनोबा नगर राकेश सोनी, नंदू सोनी, जूना बिलासपुर नरेन्द्र सोनी, कश्यप कालोनी अतुल सोनी, सरकंडा क्षेत्र का प्रभार गोविंद सोनी को दिया गया। विशेष कार्यकर्ताओं में विकास सोनी, संतोष सोनी, राज कुमार सोनी, धर्मेंद्र सोनी, चंद्रकांत पोद्दार, दिनेश सोनी को बनाया गया। सभी ने समाज को नई दिशा देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष ने जिला स्तर पर सभी क्षेत्रों में जोनल अधिकारी का गठन करते हुए यह कहा कि जोन अधिकारी का कार्य समाज के सदस्य, जो सामाजिक संरचना एवं कार्यों को समझाइश देते हुए उन्हें समाज के प्रति जागरूक करें। इसके बाद सूर्यकांत ने अंबिकापुर स्वर्णकार समाज में जिला संभाग प्रभारी के रूप में प्रगतिशील स्वर्णकार समाज का नेतृत्व और बिलासपुर जिले का नेतृत्व करते हुए अपनी एक अलग पहचान दी। उन्हें इस कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

चकरभाठा में मनाया गया चंद्र का वर्सी उत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। चंद्र का मेला उत्सव श्री झूलेलाल मंदिर झूलेलाल नगर चकरभाटा में बड़े ही हर्षोऊल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल व बाबा गुरुमुख दास जी की मूर्ति में पुष्प अर्पण का बहराणा साहब की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर के कि गई इस अवसर पर मशहूर सिंगर अजय मुकेश बुरहानपुर मध्य प्रदेश से विशेष रूप से पहुंचे उन्होंने अपनी सुरीली आवाज में शानदार सिंधी भक्ति भरे भजनों की प्रस्तुति दी जिसे सुनकर उपस्थित भक्तजन झूम उठे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सिंधी साहित्य अकादमी के द्वारा सिंधी छैज का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया छत्तीसगढ़ सिंधी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी ने कहा कि अकादमी के द्वारा छत्तीसगढ़ में नगर से लेकर शहर तक शहर से लेकर जीलो तक सभी जगह अकादमी के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं सिंधी छैज कई शहरों में हो चुकी है कुछ और शहरों में होने वाली है सिंधी बोली भाषा संस्कृति के लिए अकादमि कार्य कर रही है इसके लिए पैसों की कोई कमी नहीं है माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने दो करोड़ पचास लाख रुपए दिए हैं कार्यक्रम करने के लिए और कहा भी है कि चिंता ना करें अगर और पैसों की जरूरत पड़ेगी तो आपको दिया जाएगा आप सिर्फ कार्यक्रम कीजिए अपनी संस्कृति भाषा बोली को बढाने के लिए फंड की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी समाज के लोगों को अगर अपने शहर में कोई भी कार्यक्रम कराना हो समाज से संबंधित आयोजन हो वह अकादमी को अपना सुझाव दे सकता है प्रस्ताव भैज सकता है इस अवसर पर अकादमी की सदस्य राधा राज्यपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा आज सिंधी छैज का आयोजन मंदिर में किया गया है जिस तरह लोगों ने भरपूर आनंद लिया है बड़ी खुशी की बात है साईं जी के आशीर्वाद से सफल आयोजन हुआ है आगे भी ऐसे और बहुत सारे आयोजन करते रहेंगे और सितंबर माह में रायपुर में प्रदेश का नहीं बल्कि देश का बड़ा आयोजन होने वाला है जिसमें 1101 बहराणा साहब की शोभायात्रा निकाली जाएगी इस अवसर पर संत लाल साईं जी के द्वारा अकादमी के डायरेक्टर सदस्यों का सम्मान किया गया।

अपहरण के 11 आरोपी गिरफ्तार

■ घटना में प्रयुक्त 3 मोटर सायकल व 1 बोलेरो वाहन जब्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। अपहरण के 11 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम बड़वार, थाना रमकोला निवासी प्रार्थी चरकू चेरवा थाना रमकोला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16जुलाई को रात 11.00 बजे घर में सो रहा था रात्रि करीब 12.30 बजे अज्ञात व्यक्ति आम पेड़ के सहारे छप्पर में चढ़कर घर के आंगन में कूदकर दरवाजा खोल कुल 7 आदमी घर के अंदर प्रवेश किए 4 आदमी घर के बाहर पहरा कर रहे थे, प्रार्थी तथा उसके तीनों बच्चों को आंगन में लाकर मारपीट करते हुए मोबाइल छीनकर जान से मारने की धमकी देते हुए हनुमान छाप सिक्का देने के लिए बाध्य करने लगे हनुमान छाप सिक्का नहीं देने पर घर का तलाशी लिए एवं चाकू सब्बल से दीवाल में कई स्थानों पर खोदकर हनुमान छाप सिक्का का तलाश किए नहीं मिलने पर प्रार्थी के तीनों लड़के-लड़कियों को अपहरण कर जंगल में ले गए, हनुमान छाप सिक्का का मांग की नहीं देने पर प्रार्थी की लड़की को लेकर फिर घर पर आए घर का तलाशी लिए इसी बीच लड़की मौका पाकर गांव में भाग गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। थाना रमकोला पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना और नई तकनीक की मदद से 11 आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा है। पूछताछ पर आरोपियों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है जिनके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 3 मोटर सायकल व 1 बोलेरो वाहन जप्त कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के नेतृत्व में हुई जिसमें थाना प्रभारी रमकोला ए.आर.मानिकपुरी, एएसआई नंदलाल सिंह, इन्द्रदेव भगत, कुन्दन राम मिंज, प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, अजीत प्रताप सिंह, रविशंकर चौबे, अखिलेश यादव, रोबर्ट तिग्गा, ज्योतिष पटेल, नंदकिशोर राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े, विजय राजवाड़े, हितेश्वर सारथी, युवराज यादव, महिला आरक्षक शर्मिला सिंह व सुमित्रा सक्रिय रहे।

थाना जयनगर पुलिस ने 2 बालिका को किया दस्तयाब

सूरजपुर/नवप्रदेश। दिनांक 19/07/2023 को थाना जयनगर क्षेत्र निवासी एक महिला तथा एक व्यक्ति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जुलाई को उनकी नाबालिक पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। दोनों की रिपोर्ट पर पृथक पृथक धारा 363 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री आई कल्याण एलिसेला ने पूरी संवेदनशीलता और गंभीरतापूर्वक अपहृत बालिकाओं की पतासाजी कर जल्द दस्तयाब करने के निर्देश थाना प्रभारी जयनगर को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में जयनगर पुलिस के द्वारा लगातार मामले की विवेचना करते हुए नई तकनीक की मदद से दोनों नाबालिक बालिकाओं को अम्बिकापुर से दस्तयाब किया है। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि घरेलू बात को लेकर नाराज होकर रिश्तेदार के यहां अम्बिकापुर चले गए थे। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर शिवकुमार खुटे, एएसआई वरूण तिवारी, प्रधान आरक्षक अशोक साहू, आरक्षक सोनू सिंह, विकास मिश्रा, राजकुमार पासवान व महिला आरक्षक प्रमिला कुजूर सक्रिय रहे।

1 से 13 अगस्त तक जिले में मनाया जाएगा वजन त्यौहार

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी 01 अगस्त से 13 अगस्त 2023 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना है।

कलेक्टर ऋचा पहुंचीं कुंजबिहारी साहू स्कूल

■ किसान स्कूल में किए जा रहे नवाचार की प्रशंसा

जांजगीर-चाम्पा /नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह पहुंचकर नवाचार की जानकारी ली और किसान स्कूल में किसानों, महिला समूह के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को छत्तीसगढ़ की 36 भाजी और उसके बीजों के संरक्षण एवं किसान स्कूल में बनाए गए धरोहर की जानकारी दी। किसान स्कूल में कृषि के परम्परागत सामग्रियों को संरक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा नीमसार, गोबर गैस संयंत्र, टॉयलेट संयंत्र, अक्षय चक्र कृषि मॉडल, आस्ट्रेलियन केंचुआ से बनने वाली जैविक खाद की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने कृषक रामाधार देवांगन से केला, अमारी भाजी और भिंडी के रेशे से बने कपड़े के साथ ही कोसा से बनने वाले सिल्क कपड़ों की जानकारी ली। उन्होंने यहां बम्बू काफ्ट के उत्पाद का अवलोकन भी किया।

कलेक्टर ने किसान स्कूल के नवाचार की तारीफकी और कहा कि किसान स्कूल के द्वारा किसानों और महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन किसान स्कूल को आगे बढ़ाने हरसम्भव मदद करेगा।

कलेक्टर ने महिलाओं संग ली सेल्फी

समूह की महिलाओं के आग्रह पर किसान स्कूल के सेल्फी जोन धरोहर में महिलाओं द्वारा परम्परिक खुमरी पहनाकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के साथ तस्वीर खिंचाई। इस मौके पर समूह की महिलाओं का उत्साह बढ़ गया और महिलाओं ने कलेक्टर से मिले प्रोत्साहन की तारीफ की। इसके साथ ही कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने किसान स्कूल परिसर में थाईलैंड से लाये गये आम के पौधे का रोपण किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

परिवर्तन केवल सत्ता ...

जो सबसे बड़ा कमेंट मिला जिसने मेरे दिल को छू लिया। जैन समाज के लोगों से मैंने पूछा कि इन चार सालों में क्या फर्क आया। उन्होंने कहा कि रिश्ता करने में बस्तर में अब दिक्कत नहीं होती है। पिछली सरकार ने जो स्कूल बंद करा दिए थे, उसे हमने शुरू कर दिया। राशन पहुंचाना भी पहले टेढ़ी खीर थी। अब कितना आसान हो गया है। ये बदलाव आया है। जब हमारी सरकार बनी तो हमने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की बात की।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि यह कबीर की भूमि है। बाबा गुरु घासीदास की भूमि है। शांति का टापू है। अपनी संस्कृति के लिए हम काम कर रहे हैं। उन महापुरुषों को, कलाकारों और राजनीतिक दलों के लोगों को नमन करता हूं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ निर्माण में अपना योगदान दिया। परिवर्तन केवल सत्ता के लिए नहीं होना चाहिए।

... इससे अच्छा तो ...

दौरान प्रश्नकाल और ध्यानाकर्षण में विपक्षी दिग्गज दिखाते हैं। इसलिए शुक्रवार दोपहर 12 बजे से शुरू हुए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा देर रात 1 बजे तक चली। हालांकि इसका हश्र बीजेपी और अन्य सभी जानते थे। फिर भी उम्मीद थी कि कोई बोर नहीं होगा, विपक्ष के वरिष्ठ विधायक सरकार को घेरेंगे, चर्चा में सत्ता पक्ष को जमकर धोएंगे, कोई नई बात बोली जाएगी जिससे पावस सत्र के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की जनता को सरकार के खिलाफ खड़ा करने में मदद मिल सकेगी। ऐसा कोई तीर विपक्षी तरकश में नहीं था, चर्चा की शुरआत ही बिना स्क्रिप्ट की लगी। वरिष्ठ बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल की तैयारियां लग नहीं रहा था कि अविश्वास प्रस्ताव पर वो चर्चा कर रहे हैं। कमोबेश यही आलम उन विपक्षी दिग्गजों का भी था जो सिर्फ1 घंटे के प्रश्नकाल में ही सत्ता पक्ष के छक्के छुड़ाते देखे गए हैं। बिना तैयारी के सिर्फ खानापूर्ति और वक्त जाया करने वाला साबित हुआ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव। सदन के आखरी सत्र और पावस सत्र के अंतिम दिन शायद यह सोचकर विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव लाया होगा ताकि जनमानस को साधा जा सके

आईएएस रानू साहू ...

इससे पहले रानू रायगढ़ व कोरबा जिले की कलेक्टर रह चुकी हैं।

रानू साहू की प्रापर्टी हुई थी अटैच : दो महीने पहले कोल मामले में ईडी ने आईएएस अफ सर, कोल कारोबारी और कुछ कांग्रेसी विधायकों की संपत्ति अटैच की थी। तब प्रदेश में 90 चल अचल संपत्तियों को अटैच किया गया है। जिनमें लग्जरी गाड़ियां, ज्वेलरी और नगद शामिल है। कुल 51. 40 करोड़ की संपत्ति को बरामद किया गया है। यह बरामदगी आईएएस रानू साहू, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, विधायक चंद्र देव राय के पास से की गई थी। यह कोल एक्सटॉर्शन स्कैम से जुड़ा हुआ मामला है। ईडी की तरफ से कहा गया है कि इस मामले में अब तक 221.5 करोड़ के आसपास की संपत्ति अटैच की जा चुकी है।

रमन ने कहा, कैग ...

कैग की रिपोर्ट के अनुसार एनएफएसए प्राथमिकता परिवार (पीएचएच) केवल एक व्यक्ति - वाले राशन कार्ड धारक को 10 किलोग्राम, दो व्यक्ति वाले राशन कार्ड धारक को 20 किलोग्राम, तीन से पांच व्यक्ति वाले राशन कार्ड धारक को 35 किलोग्राम तथा 5 से अधिक व्यक्ति वाले को 7 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रति माह चावल प्रदान किया जा रहा था। एनएफएसए-पीएचएच राशन कार्ड धारक को अतिरिक्त चावल का लाभ नहीं मिला तथा 3 से अधिक सदस्यों वाले राशन कार्ड धारक को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण (अन्न) योजना के तहत परिकल्पित 5 किलोग्राम प्रति व्यक्ति के स्थान पर 3 किलोग्राम प्रति व्यक्ति के दर से अतिरिक्त चावल प्राप्त हुआ। जिससे राज्य में कुल 31.05 लाख एनएसएफए-पीएचएच (1 से 3 सदस्यों वाले राशन कार्ड धारक) हितग्राहियों को उतनी ही मात्रा में चावल प्रदान किया गया जितना कि उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण (अन्न) योजना के क्रियान्वयन से पहले प्राप्त हो रहा था।

मोदी ने 70 हजार ...

सरकारी नौकरी में रहते हुए आपको हमेशा ये कोशिश करनी है कि तिरंगे की आन-बान-शान में कोई आंच न आए। इस मौके पर पीएम मोदी ने देश के बैंकिंग सेक्टर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में फोन बैंकिंग घोटाला हुआ था, जिससे बैंकिंग सेक्टर की कमर टूट गई थी। 2014 में हमने बैंकिंग इंडस्ट्री को फिर खड़ा करने की कोशिश शुरू की और आज भारत का बैंकिंग सिस्टम दुनिया के सबसे मजबूत सिस्टम में गिना जाता है।

टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग...

की क्षमता बढ़ाने में मदद मिली है।" उन्होंने कहा कि एआई के साथ चैट जीपीटी साफ्टवेयर का उपयोग भी बढ़ा है जो चुटकुले बनाने से लेकर कोडिंग करने और कानूनी विषयों को लिखने तक में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि उच्चतम न्यायालय में भी कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग (सीधे प्रसारण) के लिए पायलट आधार पर एआई का उपयोग कर रहे हैं।

रायपुर पहुंचे गृहमंत्री ...

बता दें कि इसके पहले अमित शाह इसी महीने 5 जुलाई को प्रदेश कार्यालय रायपुर में एक और बैठक ले चुके हैं, तब खबर सामने आई थी कि भाजपा की परफॉर्मेंस से शाह संतुष्ट नहीं हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर शनिवार रात को हुई बैठक में चर्चा हुई और 2023 के चुनाव को जीतने का एक्शन प्लान देकर अमित शाह लौट गए।

दो माह में ही गायत्री चौक मंदिर के सामने की सड़क धंस गई

■ सड़क नवीनीकरण कार्य में ठेकेदार का भ्रष्टाचार उजागर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर के कटेकल्याण रोड से लगे वेटनरी अस्पताल के सामने वाली मार्ग से लेकर गायत्री मंदिर चौक तक करीब 1500 मीटर सड़क नवीनीकण का कार्य अब से करीब दो माह पूर्व किया गया था। सड़क निर्माण में जमकर भर्राशाही की गई है जिसके चलते महिने भर के अंदर ही सड़क में जगह जगह गढढे बन गए हैं। जिला अस्पताल के सामने कई जगह से सड़क एक ओर धंस गया है। इंडोर स्टेडियम के सामने भी बडे से गढढे बन गए हैं। हाईस्कूल टर्निंग के पास भी रोड कई जगहों से कट गया है। गायत्री मंदिर चौक के पास भी डामर धंसा है तथा सड़क पर गड्ढे बन गए हैं। इस सड़क को देखकर कोई भी बता सकता है कि ठेकेदार द्वारा सड़क नवीनीकरण के कार्य में भारी भर्राशाही की गई है। लोगों का कहना है कि जिस ठेकेदार ने सड़क का नवीनीकरण किया है वह सत्ताधारी पार्टी का रसूखदार व्यक्ति है।

संगठन में उसकी अच्छी खासी पकड़ एवं धाक है इसलिए तय मानक को ताक पर रखकर सडक निर्माण कार्य में कोताही बरती गई है। जिसके चलते सड़क गढढे में तब्दील हो गए हैं। नई सड़क में गढढे बन जाने से बारिश के चलते उन गढढों में जलभराव की स्थिति हो रही है जिससे आने जाने वाले राहगिरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लाखों रूपए लगाकर भी सड़क सही नहीं बनाने से लोगों में ठेकेदार के प्रति रोष व्याप्त है लेकिन इतना तो अवश्य है कि चाहे ठेकेदार कोई भी हो। हर कार्य का एक प्रोटोकाल एवं नियम होता है । उन्ही नियमों से बंधकर ठेकेदार को कार्य संचालित करना होता है। सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही को विभाग के उच्चाधिकारी भी देख रहे हैं मगर अब तलक ठेकेदार के खिलाफ कोई नोटिस तक जारी नहीं की गई है। इस संबंध में जब लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राम सर से जानकारी चाही गई तो उन्होने कहा कि बीटी कार्य हुआ है। जिन स्थानों पर गढढे हुए हैं वहां पर पहले सड़क खोदकर नीचे पाईप डाला गया था शायद इसी वजह से सड़क धंसने से उन स्थानों पर गढढे हुए हैं। ठेकेदार को गढढे वाली जगह पर पेच वर्क के लिए कहा गया है मौसम खुलते ही सड़क को ठीक करवाया जाएगा।

क्या कहते हैं अधिकारी

सड़क नवीनीकरण कार्य में गड़बड़ी हुई है तो इसकी जांच की जाएगी अगर गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदार पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। नियमानुसार कारवाई कर सड़क को ठीक करवाया जाएगा। जनहित के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

950 नग नशीली इंजेक्शन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

■ नशे के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला के दिशा-निर्देशन में सूरजपुर पुलिस के द्वारा लगातार अवैध नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 21.07.23 को थाना सूरजपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक होण्डई कार क्रमांक जेएच 01 एचए 2070 में कुछ लोग नशीली दवाई लेकर बिक्री करने कोरिया की ओर जा रहे थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा ग्राम पचिरा में घेराबंदी कर कार सहित आरोपियों को पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से एविल इंजेक्शन 200 नग, टीजेसिक इंजेक्शन 750 नग कुल 950 नग नशीली इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 4 लाख 75 हजार रूपये है। मामले में नशीली इंजेक्शन व घटना में प्रयुक्त कार जप्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी खुशबू खातून पति मंसूर अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी निवासी दलेली, थाना मेडाल, जिला गढ़वा झारखण्ड, शबनम निशा पिता जसीम खान उम्र 25 वर्ष हालमुकाम बचरापोड़ी, थाना खड़गवां, जिला एमसीबी तथा 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र
टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च

राष्ट्रीय ओलिंपियाड कार्यक्रम 2023-2024
खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, कनिष्ठ विज्ञान और गणित

कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक सभी छात्रों को **25 और 26 नवंबर, 2023** को संबंधित **नेशनल स्टैंडर्ड एक्झामिनेशन (NSEs)** (विज्ञान विषयों के लिए) और **3 सितंबर, 2023** को **इंडियन ओलिंपियाड क्वालीफायर इन मैथेमैटिक्स (IOQM)** (गणित के लिए) में भाग लेना अनिवार्य है।

NSE/IOQM में योग्यता 2024 के संबंधित **अंतरराष्ट्रीय ओलिंपियाड** में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

छात्रों के लिए ऑनलाईन नामांकन हेतु :

IOQM: https://www.mtai.org.in (जुलाई 10 - अगस्त 3, 2023)
NSEs: https://www.iapt.org.in (अगस्त 21 - सितंबर 14, 2023)

अधिक जानकारी के लिए https://olypiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in https://www.mtai.org.in

cbc- 48143/12/0001/2324

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, चांपा संभाग चांपा (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 4891/NIT-14/2023 2024/व.ले. लि. चाम्पा, दिनाँक 19.07.2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27/07/2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 01/08/2023 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 02/08/2023 अपरान्ह 11:30 बजे तक
इस कार्य हेतु निविदा क्रमांक T0095 एवं T0101 का समय 02 माह एवं अन्य निविदाओं हेतु 03 माह वर्षा ऋतु सहित है, ठेकेदार की श्रेणी 'अ' से 'द' वर्ग है एवं निविदा प्रपत्र की कीमत रू. 750.00 है।

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू.में)
14 T0092	विकासखण्ड सक्ती के ग्राम मोहगांव में मिडिल स्कूल भवन का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	13.87 10403.00 208050.00
14 T0093	जिला सक्ती के विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन मोहगांव का रेनोवेशन कार्य एवं प्राथमिक शाला भवन मोहगांव में रसोईघर तथा शौचालय का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	15.60 11700.00 234000.00
14 T0094	जिला- सक्ती के विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत प्राथमिक शाला भवन जामचुवां का निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला भवन सबरियाडेरा में किचन शेड का निर्माण कार्य तथा प्राथमिक शाला भवन टेम्पाभांठा में किचन शेड का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	16.70 12525.00 250500.00
14 T0095	विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम नावागांव के शासकीय प्राथमिक शाला भवन का रेनोवेशन कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	8.99 6745.00 134850.00
14 T0096	मिडिल स्कूल रैनखोल में किचन शेड एवं शौचालय का निर्माण कार्य तथा प्राथमिक शाला भवन गहरीनमुड़ा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य **प्रथम आमंत्रण**	16.20 12150.00 243000.00
14 T0097	विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम जर्वे के मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य एवं ग्राम सुन्दरेली के प्राथमिक शाला में किचन शेड का निर्माण कार्य **प्रथम आमंत्रण**	9.74 7305.00 146100.00
14 T0098	विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम पुटकेला के प्राथमिक शाला में शौचालय का निर्माण कार्य एवं ग्राम खैरा के प्राथमिक शाला में किचन शेड का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	7.88 5705.00 118200.00
14 T0099	प्राथमिक शाला धनपुर में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य. मिडिल स्कूल सोनगुढ़ा में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला कुधरीतार में किचन शेड का निर्माण कार्य एवं मिडिल स्कूल धनपुर में किचन शेड का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	19.48 14510.00 292200.00
14 T0100	विकासखण्ड सक्ती के अंतर्गत मिडिल स्कूल पलाड़ीखुर्द. प्राथमिक शाला पलाड़ीकला एवं मिडिल स्कूल पलाड़ीकला में किचन शेड का निर्माण कार्य **प्रथम आमंत्रण**	4.25 5000.00 63750.00
14 T0101	विकासखण्ड सक्ती के अंतर्गत ग्राम लहंगा के मिडिल स्कूल का रेनोवेशन कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	8.32 6240.00 124800.00
14 T0102	विकासखण्ड सक्ती के अंतर्गत ग्राम परसदाखुर्द के शासकीय हाई स्कूल भवन का अहाता निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	20.00 15000.00 300000.00
14 T0103	जिला-सक्ती के विकासखण्ड सक्ती अंतर्गत ग्राम रतनपाली में नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण**	13.87 10405.00 208050.00
14 T0104	विकासखण्ड सक्ती के अंतर्गत ग्राम सरवानी (ब) के प्राथमिक शाला स्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य एवं ग्राम सकरेली (ब) के मिडिल स्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य **प्रथम आमंत्रण**	16.64 12480.00 249600.00

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-03544/4

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
चाम्पा संभाग चाम्पा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग
Email Id :- durgmc2019@gmail./com, Phone 0788-2322148

-:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक /542/लो.क.वि./2023 दुर्ग, दिनांक 21.07.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन/सड़क एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर तथा निविदा दिनांक से संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28.07.2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की अँतिम तिथि :- 04.08.2023
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 11.08.2023
निविदा खोलने की तिथि :- 14.08.2023 (सायं 4.00 बजे)

क्र.	कार्य स्थल/ कार्य का नाम	अनु. लागत (रु.लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	निविदा प्रपत्र का प्रकार	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1	शारदा टाकीज के सामने, इंदिरा मार्केट में पिंक टायलेट निर्माण।	8.00	6000/-	750/-	''अ''	''द'' एवं उपर	03 माह
2	नगर निगम मुख्य कार्यालय में पिंक टायलेट निर्माण।	8.00	6000/-	750/-	''अ''	''द'' एवं उपर	03 माह
3	अग्रसेन चौक गांधी मार्केट में पिंक टायलेट निर्माण।	8.00	6000/-	750/-	''अ''	''द'' एवं उपर	03 माह

-:: नियम एवं शर्तें ::-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की प्रति, पेन कार्ड की प्रति, अमानत राशि लिफाफे में अंतिम, मासिक/तिमाही का जी.एस.टी. रिटर्न, वित्तीय वर्ष 2022-23 का ITR (इन्कम टैक्स रिटर्न) की प्रति संलग्न करना होगा। निविदा के साथ संलग्न दस्तावेजों के सही होने एवं किसी भी विभाग में ब्लेक लिस्ट नहीं होने बाबत शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य आयुक्त, नगर निगम, दुर्ग को नगद राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है।
3. अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग एवं संबधित निविदाकार के संयुक्त नाम से देय होगा।
4. प्रथम लिफाफा ''अ'' में अमानत राशि डालना होगा एवं अमानत राशि संबंधी जानकारी लिफाफा में उल्लेख करना होगा।
5. लिफाफा ''ब'' में निविदा प्रपत्र में निविदा दर प्रस्तुत करना होगा।
6. लिफाफा ''स'' में लिफाफा ''अ'' और ''ब'' को रखना होगा, जिसके उपर निविदा क्रमांक एवं कार्य का विवरण अंकित करना होगा।
7. अनुमानित निविदा लागत से 10% से कम निविदा दर प्राप्त होने पर नियमानुसार निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 90% के अंतर की राशि का एफ.डी.आर. परफार्मेन्स गारंटी के रूप में आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग के नाम से अनुबंध के पूर्व जमा करना होगा, अन्यथा की स्थिति में अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. छ.ग. शासन द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त प्रचलित नियमों/अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधान का पालन करना अनिवार्य होगा।
9. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।
10. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग के पास सुरक्षित रहेगा।
11. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जायेगी। अतः नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करें।
12. निविदाकारों को निविदा के समय EPF एवं ESIC पंजीयन सहित चालान की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में कार्य का अँतिम भुगतान रोका जावेगा/वसूली की जावेगी।
13. सड़क निर्माण कार्यों हेतु 03 वर्ष के लिए 5 प्रतिशत परफार्मेंस गारंटी की राशि रोकी जावेगी।
14. कार्य के प्रारंभ के पूर्व तथा पृथक-पृथक चरणों में जीओ टेगिंग फोटो लेना तथा फाईल में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
वास्ते/ आयुक्त
नगर पालिक निगम, दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

गौरीशंकर मंदिर में 24 को होगा रूद्राक्ष और भभूति का वितरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। गौरी शंकर मंदिर समिति की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवती अमावस्या हरेली के पावन वर्ष पर सिध्द किये हुए रूद्राक्ष को शिवजी के प्रसाद के रूप में श्रावण के अधिक मास के प्रथम सोमवार 24 जुलाई को शिवभक्तो को निःशुल्क वितरण किया जावेगा श्रावण मास में इस वर्ष अधिक मास पड़ने से शिव जी की आराधना का अनन्त गुना फल प्राप्त होता है जिसका लाभ शिव भक्तो को मिलेगा दोपहर 12 बजे से गौरीशंकर मंदिर सिविल लाइन गरियाबंद में एक बार पुनः

भक्तजनो की भीड़ लगेगी इसके पूर्व शिवरात्रि के पावन पर्व पर भी प्रसाद के रूप में रूद्राक्ष एवं भभूति का निःशुल्क वितरण किया गया था

शिवभक्तो को पुनः प्रसाद के रूप मे रूद्राक्ष प्राप्त करने को इंतजार था इस समय की श्रावण मास मे मंदिर में द्वादश ज्योर्तिलिंग गौरीशंकर शिव परिवार को जल चढ़ाने और शिव जी को प्रसन्न करने के लिए अपने-अपने तरह से पूजा पाठ के लिए लाईन लगी रहती है।

यह मंदिर अपने आप में क्षेत्र का अनोखा मंदिर : देवांगन

मंदिर समिति के सदस्य सौरभ शिवानंद देवांगन ने कहा यह मंदिर अपने आपमे क्षेत्र का अनोखा मंदिर है जहां भगवान भोलेनाथ सहपरिवार द्वादश ज्योर्तिलिंग के रूप मे विराजमान है स्थापित शिवलिंग अर्धनारेश्वर स्वरूप में है साथ ही माता महागौरी विराजमान है इसलिए भगवान भोलेनाथ सहपरिवार विराजित होने से वहा पूजा का विशेष महत्व है जिससे भक्तगण प्रभावित रहते है इस मंदिर में शिव जी की आराधना के रूप में प्रतिमाह अमावस्या एवं पूर्णिमा के अवसर पर नियमानुसार विशेष अभिषेक एवं हवन होता है। और भगवान की श्रृंगार के पश्चात् मंदिर का दृश्य ही बदल जाता है और स्कूल मे पड़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने से पहले भोलेनाथ मे जल चढ़ाने आते है उस समय दृश्य बच्चो की भावना से मानो लगता है कि शिवभक्ति का युग आ गया है।

कलेक्टोरेट परिसर के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू

बेमेतरा/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट पदुम सिंह एल्मा ने एक आदेश जारी कर आगामी दो माह 21 सितम्बर 2023 तक धारा 144 लागू किया गया हैं। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग संचालित हैं, जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं का आवागमन रहता हैं। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस, धरना एवं प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता हैं, इसलिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक हैं, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सकें। अतः यह आवश्यक हैं कि उपरोक्त क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित कर जुलूस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि के आयोजन को रोका जावे। यह संवेदनशील क्षेत्र हैं जिसके आसपास लोक शांति बनाए रखने हेतु जुलूस, धरना, आमसभा एवं प्रदर्शन को रोका जाना आवश्यक हैं। इसके आधार पर लोक शांति बनाए रखने के लिए उपरोक्त क्षेत्रों में जुलूस, धरना, आमसभा व प्रदर्शन हेतु प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक हैं। पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सूने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया गया हैं।

कलेक्टर श्री एल्मा ने धारा 144 दं.प्र.सं. में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेमेतरा नगर स्थित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में जुलूस, धरना, आमसभा, प्रदर्शन पर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किए हैं। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी/सुरक्षाकर्मी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धारदार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा। धार्मिक परम्परा अनुसार रखे जाने वाले कृपाण आदि पर यह कंडिका प्रभावशील नहीं होगी। विभिन्न सभाओं, रैली, जुलूस, आदि करने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में सभाओं, रैली, जुलूस आदि के स्थान, दिनांक एवं समय का उल्लेख करते हुए पूर्ण विवरण दिया जाना आवश्यक होगा। सभा, रैली, जुलूस आदि में लाउडस्पीकर/ ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि के लिए उपयोग किये जाने के पूर्व संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी/ कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा। कार्यालय परिसर के 100 मीटर के भीतर 5 से अधिक व्यक्ति एक साथ प्रवेश नहीं करेंगें। यह आदेश सभी प्रकार के दलों, संगठनों, संघो तथा आम जनता पर लागू होगा तथा 21 सितम्बर 2023 तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 188, भा.द.वि. के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

पौधरोपण कर मुकुल सेन ने पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

राजिम/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बरोंडा के सरपंच श्री दानेद्र सेन के सुपुत्र मुकुल सेन ने अपने जन्मदिन पर पौधारोपण करके पर्यावरण बचाने का सन्देश दिया है। जानकारी के अनुसार मुकुल सेन ने अपना 24वा जन्मदिन पर पौधारोपण करके अपना जन्म दिवस मनाया। बता दें कि प्रत्येक वर्ष अपने आसपास में पेड़ पौधे लगाकर प्रदूषण को कम करने और स्वेच्छा से पौधरोपण के प्रति

जागरूकता बढ़ाने में काम कर रहे हैं। मुकुल सेन का कहना है कि पौधरोपण के लिए सभी युवा अपने-अपने स्तर पर पौधारोपण में आगे आएं तभी पर्यावरण को बचाया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य हैं कि अपने जीवन मे पौधा अवश्य लगाए एवं उसकी देखरेख करे।

इस अवसर पर सरपंच श्री दानेद्र सेन, सुरेश सेन, राज सेन, सुयश सेन, लक्की सेन, यश सेन, समीर सेन, विदित सेन आदि उपस्थित थे।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे 9 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 9 नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं, इन भवनों के निर्माण हेतु 256.59 लाख रुपए की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई हैं, जिससे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी होगी, साथ ही भवन की कमी से जूझ रहे स्वास्थ्य विभाग के अमलों को अब कार्य करने में आसानी हो सकेगी, साथ ही साथ आम नागरिकों को भी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण ग्राम कुसमी, भेड़नी, किरतपुर, संडी, खमरिया, उफ्रा, अतरगड़ी, परपोड़ा तथा बैजलपुर में किया जाएगा। शासन ने इसके लिए प्रति भवन 28.51 लाख रुपये की स्वीकृति दी हैं।

कांग्रेसी वोट मांगने आए तो घर में घुसने न दें : मिश्रा

खरोरा/नवप्रदेश। विधान सभा धरसींवा में सियासत को गर्मी दे रहे पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा ने आम जनता से अपील करते हुए बड़ी बात कह दिए कि अगर कांग्रेसी वोट मांगने आएं, तो उन्हें घुसने न दें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि इस विधानसभा चुनाव में शराबबंदी पर वादाखिलाफी का जवाब देना है। और चुनाव के समय कांग्रेस के लोग वोट मांगने आएं, तो अपने घर का दरवाजा बंद कर देना, उसने मत घुसने देना। उन्होंने इस दौरान अपील की कि अपने स्वाभिमान के लिए कांग्रेसियों का विरोध करना है, जिन्होंने आपके साथ वादाखिलाफी किया है। मिश्रा ने एक स्थानीय पार्टी कार्यक्रम में सभा और पत्रकारो के समक्ष यह बात दमदारी से कही। विधान सभा धरसींवा के ग्राम सांकरा में भाजपा पार्टी की कार्यक्रम में

भाजपा नेता गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने गंगाजल हाथ मे लेकर पूर्ण शराबबंदी का वचन देकर जनता से वोट मांगा था। जनता ने भी वचन पर भरोसा जताते हुए उनकी सरकार बना दी। 4 वर्ष बीत जाने के बावजूद वचन अधूरा ही है। धरसीवां की विधायक पर निशाना साधते हुए गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि यहां की स्थानीय विधायक शराब कोचियों के सामने हाथ जोड़कर उनसे निवेदन करती हैं। जिससे समझा जा सकता है कि किस तरह से शराब बेचने वाले कोचियों से इनकी साठगांठ है।

जनचौपाल में बना गिरजा बाई का नया राशनकार्ड

- **70 वर्षीय भागबती बाई को राशन सामग्री लाने के लिए प्रतिनिधि मिलने से हुई सहुलियत**

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सर्वभौम पीडीएस का क्रियान्वयन किया जा रहा है। गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायत कोपरा निवासी गिरजा साहू का नया राशन कार्ड और ग्राम पंचायत डोंगरीगांव निवासी 70 वर्षीय वृद्ध एकांकी महिला भागबती बाई के नाम पर नीला राशनकार्ड जारी है। भागबती बाई वृद्ध होने से उन्हें ई-पोस डिवाईस में अंगूठा लगा कर खाद्यान्न उठाव करने में परेशानी हो रही थी। जिला प्रशासन ने उनके राशन लाने के लिए एक प्रतिनिधि नियुक्त किया है, जिसके माध्यम से अब उन्हें राशन मिलने लगेगा।

जनचौपाल में कलेक्टर आकाश छिकारा को कोपरा

निवासी श्रीमती गिरजा साहू ने बताया कि उनका राशन कार्ड धमतरी जिले में है। वह अब गरियाबंद के ग्राम का कोपरा में निवासरत है। उन्होंने अपने राशन कार्ड को धमतरी जिले से गरियाबंद जिले में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन दिया था, जिस पर कलेक्टर ने उनके आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर उपस्थित खाद्य विभाग के अधिकारी को उनके आवेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। इस पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने उनसे आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनके लिए पात्रतानुसार राशनकार्ड जारी किया। अब उन्हें कोपरा के राशन दुकान से ही राशन मिलेगा। इसी प्रकार विकासखण्ड गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीगांव निवासी 70 वर्षीय वृद्ध एकांकी महिला भागबती बाई ध्रुव को नीला राशनकार्ड जारी है। उन्हे ई-पोस डिवाईस में अंगूठा लगा कर खाद्यान्न उठाव करने में परेशानी हो रही थी। ई-पोस मशीन का फिंगर प्रिंट रीडर उनकी उंगलियों के निशान नहीं पढ़ पा रहा था। ऐसे में भागबती बाई को राशन लेने में असुविधा हो रही थी। श्रीमती भागबती ने जनचौपाल में कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी परेशानी से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे, जिस पर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आवश्यक दस्तावेज लेकर गांव के ही उनके पड़ोसी सुकालू राम ध्रुव को उनके लिए राशन लाने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अब भागबती बाई के प्रतिनिधि के द्वारा अंगूठा निशान लगाने पर भागबती बाई को खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है। भागबती बाई एवं गिरजा साहू ने अपनी समस्या के तत्काल निराकरण करने पर जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

माइनर एक्ट के तहत 21 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा बेमेतरा जिले में लगातार यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत 20 जुलाई को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात पुलिस बेमेतरा ने 8 चालान मे 8 व्यक्ति एवं थाना नांदघाट ने 2 चालान में 2 व्यक्ति में कुल 10 चालान में 10 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना कागजात, तीव्र गति व लापरवाही पुर्वक वाहन चलाने एवं यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध 10 प्रकरण में कुल 3400 रूपये समन शुल्क लिया गया तथा इसी क्रम में 20 जुलाई को बेमेतरा जिलें के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना साजा 3 प्रकरण में 3 व्यक्ति, थाना नांदघाट 1 प्रकरण में 1 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 2 प्रकरण में 2 व्यक्ति, थाना परपोडी 4 प्रकरण में 4 व्यक्ति, थाना चंदनू 2 प्रकरण में 2 व्यक्ति, चौकी मारो 1 प्रकरण में 2 व्यक्ति, चौकी देवकर 2 प्रकरण में 3 व्यक्ति,चौकी कंडरका 1 प्रकरण में 1 व्यक्ति, चौकी खण्डसरा 2 प्रकरण में 3 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 110, 107, 116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 18 प्रकरण में 21 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

डूमरबहाल के ग्रामीण हो रहे तालाब निर्माण से लाभान्वित

- **तालाब पूर्णोधार का कार्य होने से अब ग्रामीणों को पानी की समस्याओं से मिली निजात**

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्राचीनकाल से ही तालाबों का अपना अलग ही महत्व है। इसलिए आज तालाबों में भरपूर जल का होना बहुत जरूरी है। शासन द्वारा जिले के देवभोग विकासखंड के ग्राम पंचायत डूमरबहाल के तालाब का पूर्णोधार कार्य किया गया। जिससे ग्रामीणों के नहाने-धोने की व्यवस्था के साथ-साथ जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि, समय-समय में गांव के किसानों द्वारा सिंचाई कार्य के लिए तालाब का उपयोग तथा तालाब में

मछली पालन किया जा रहा है।

जिला पंचायत से मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत डूमरबहाल में सामुदायिक तालाब पूर्व में बहुत छोटे होने के कारण उसमें पानी की संग्रहण क्षमता भी कम थी। यह तालाब ग्रामीणों के लिए एक मात्र निस्तारी का साधन होने के साथ ही गर्मी के दिनों में तालाब का पानी सूख जाता था, जिससे ग्रामीणों को जल संकट जैसे समस्याएं होती थी। जिसके कारण ग्राम डूमरबहाल के ग्रामीणों ने जल संकट की समस्या को दूर करने के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 में तालाब का विस्तार कराने के लिए तालाब का पूर्णोधार कार्य का निर्णय लिया तथा ग्राम सभा में कार्य स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसमें तालाब का नक्शा, खसरा प्रस्ताव में संलग्न कर महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत स्वीकृति के लिए जनपद पंचायत देवभोग में आवेदन प्रस्तुत किया। इसके उपरांत तालाब का विस्तार के लिए गहरीकरण का कार्य वित्तीय वर्ष 2019-20 में जिला पंचायत के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 14 लाख 53 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके उपरांत तालाब गहरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। तालाब पूर्णोधार कार्य में मनरेगा अंतर्गत गांव के ही पंजीकृत श्रमिकों को 2 लाख रूपये से अधिक का रोजगार भी उपलब्ध कराया है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। तालाब पूर्णोधार कार्य से तालाब के चारों किनारे पिंचिग का भी कार्य किया गया और तालाब के आसपास की साफ-सफाई का कार्य किया गया।

तालाब पूर्णोधार होने से ग्रामीणों को नहाने-धोने के लिए व्यवस्था हुई, तालाब में जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ समय-समय में गांव के किसानों द्वारा सिंचाई कार्य हेतु तालाब का उपयोग किया जा रहा है।

अभियान इन्द्रधनुष को सफल बनाने एक दिवसीय प्रशिक्षण

बलौदाबाजार/नवप्रदे। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.पी. महिस्वर के मार्गदर्शन में सीएचएमओ कार्यालय के सभागार में सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 के सफल संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नियमित टीकाकरण के सुदृढीकरण तथा डिजिटलाईजेशन हेतु भारत सरकार द्वारा यू-विन पोर्टल के माध्यम से मिशन इन्द्रधनुष अंतर्गत प्रथम चरण 07 से 12 अगस्त, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर एवं तृतीय चरण 09 से 14 अक्टूबर, 2023 तक तीन चरणों में चलाया जाएगा। अंतर्विभागीय समन्वय हेतु

कलेक्टर चंदन कुमार की अध्यक्षता में 18 जुलाई को समय-सीमा की बैठक में चर्चा की गई तथा कलेक्टर द्वारा जनसामान्य से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का सही समय पर टीकाकरण अवश्य करावें। इसके अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के छुटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। इस अभियान की तैयारी के लिए मितानिन के द्वारा घर-घर भ्रमण कर छुटे हुए बच्चे एवं गर्भवती माताएं जिनको टीका नहीं लग पाया है, उनको चिन्हांकित कर हेड काउन्ट सूची तैयार की जावेगी। शत्प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जमीनी स्तर के मोबालाईजर तथा वैक्सीनेटर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। भविष्य में टीकाकरण का डिजिटलाईजेशन होने से टीकाकरण सत्र की योजना हितग्राहियों की सूचना एवं टीकाकृत हितग्राहियों का प्रमाण-पत्र ऑनलाईन मिल पाएगा। को-विन प्लेटफार्म की सफलता के बाद भारत सरकार ने अब पूरे राज्य में नियमित टीकाकरण के लिए यू-विन नामक सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) को डिजिटल बनाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया है। इससे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कार्ड ले जाने, अगली खुराक पर नजर रखने की जद्दोजहद जैसी परेशानियां खत्म हो जाएंगी। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत् गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के लिए यू - विन डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। यू-विन प्लेटफार्म का उपयोग प्रत्येक गर्भवती महिला को पंजीकृत करने, उनके प्रसव के परिणाम को रिकॉर्ड करने, प्रत्येक नवजात शिशु के जन्म को पंजीकृत करने, जन्म खुराक देने एवं उसके बाद सभी टीकाकरण कार्यक्रमों के लिए किया जाएगा। यू-विन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का नाम आधारित ट्रेकिंग किया जा सकेगा।

कलेक्टर ने ली खाद्य अधिकारियों की बैठक

- **खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की**

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस एल्मा ने आज अपने कक्ष में खरीफ फसल वर्ष 2023- 24 को लेकर जिला खाद्य अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खाद्यान्न वितरण एवं उठाव की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की। उन्होंने खाद्य विभाग के अंतर्गत पीडीएस वितरण कार्य, चावल भंडारण की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर राशन वितरण की व्यवस्था समय अवधि में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में एफसीआई एवं नान में चावल जमा करने की समीक्षा की एवं समय में चावल जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने राइस

मिलर्स के परिवहन बारदाना भुगतान आदि के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। एफसीआई एवं नान में जमा बारदाना मिलर्स की परेशानियों की समस्याओं का निराकरण करने निर्देश दिए।

अधिकारियों ने उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त पीडीएस बारदानों की जानकारी से अवगत कराया। सामान्य एवं फोर्टिफाइड चावल के उठाव व भंडारण की जानकारी दी। अधिकारियों ने खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 एग्रीमेंट, डीओ, उठाव और जमा चावल से कलेक्टर को अवगत कराया।

सड़कों पर पशुओं का कब्जा, हादसे की बढ़ी आशंका

राजिम/नवप्रदेश। शहर की सड़कों पर इन दिनों पशुओं का डेरा लगा हुआ है कहीं भी दो चार से लेकर आठ दस या फिर 15-20 की संख्या पर बैठ जाते हैं। कई बार तो पूरी रोड पर कब्जा जमा लेते हैं नतीजा आने जाने वाले लोगों को नीचे वाहन को उतारकर चलाना पड़ता है। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। कहीं भी कुछ भी हो सकता है इनकार किया नहीं जा सकता। सड़क से हटाने के संबंध में अभी तक स्थानीय प्रशासन के अलावा किसी भी विभाग ने ध्यान नहीं दिया है यही स्थिति रही तो कोई बड़ी दुर्घटना से दो चार होना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि धर्म नगरी राजिम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण प्रतिदिन मंदिर दर्शन पूजन स्नान तथा अस्थि विसर्जन जैसे कृत्य के लिए देशभर से पहुंचते रहते हैं

इस दौरान आवागमन में अवरुद्ध डाल रहे पशुओं के चलते राहगीर खासे परेशान रहते हैं। राजिम पुल से लेकर पंडित श्यामाचरण शुक्ला चौक, पेट्रोल पंप के सामने, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, शिवाजी चौक, आमापारा, श्री राम चौक, तहसील चौक, कृषि उपज मंडी चौराहा, राजीव लोचन मंदिर जाने का मार्ग, सुभाष चौक, गौरव पथ, गोवर्धन चौंक, महामाया चौक, राजिम भक्ति माता चौंक, चौबेबांधा तिराहा, न्यायालय के सामने, कॉलेज रोड इत्यादि जगहों पर हमेशा पशु कहीं पर बैठे रहते हैं तो कहीं पर खड़े होकर आवागमन को बाधित कर रहे हैं। बताना होगा कि राजधानी रायपुर से जिला मुख्यालय गरियाबंद जाने वाली मार्ग एन एच 130 सी पर तो स्थिति अत्यंत विकराल रहती है। गत दिनों सवारी बिठाकर चल रहे बाइकर्स गिरने ही वाले थे बड़ी मुश्किल से उन्होंने गाड़ी को संभाला। वरना दुर्घटना होने से उन्हें कोई रोक नहीं सकता था। सावन लगते ही रविवार और सोमवार को बड़ी संख्या में टूरिस्ट की भीड़ हो रही है गाड़ियों का रेलम पेल सड़कों पर दिखने लगा है। कई बार तो चार पहिया वाहन इतने ज्यादा संख्या में दिखते हैं कि वह पूरे सड़क पर कब्जा कर लेते हैं। ऐसे में पशुओं का बैठना मुश्किल में डाल रही है।

गौठान का अता पता नहीं

शहर में गौठान बनाने के लिए राशि स्वीकृत हुए थे। बावजूद इसके गौठान में न गाय ने भैंस। सभी पशु तो सड़क पर बढ़ते हैं फिर गौठान बनाने का मतलब क्या हुआ जनता यही सवाल कर रही है। आजकल शहर में बड़ी भीड़ देखी जा रही है। बताना होगा कि देवभोग तक एक बड़ी आबादी राजधानी के लिए आना-जाना करते हैं ऐसे में सड़कों पर दबाव बढ़ गया है। यहां कोई बाईपास सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो पाया है। इस दिशा में प्रदेश सरकार अभी तक कोई एक्शन नहीं लिए हैं नहीं कोई मास्टर प्लान बनाया गया है जिसके चलते शहर के अंदरूनी सड़कों पर ही सारी गाड़ियां दौड़ती है। लोडिंग अनलोडिंग सभी गाड़ियां इसी सड़क पर चलने के लिए मजबूर है दूसरी ओर सड़क के दोनों किनारे कीचड़ एवं पानी भरा हुआ है। बड़ी परेशानी होती दिखाई दे रही है।

कोंटा क्षेत्र में सरकारी पद पर दर्जनों फर्जी जाति प्रमाण पत्र वाले

■ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग तक पहुंचा फर्जी जाति प्रमाण पत्र से सरकारी नौकरी पाने का मामला

■ फर्जीवाड़ा कर नौकरी पाने वालों पर गिर सकती है कार्रवाई की गाज

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के सुकमा जिले में बड़े पचासों गैर आदिवासियों ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरियां हथिया ली है। जिला प्रशासन से लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब सतवम राजाराव नामक व्यक्ति ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में मामले की शिकायत की, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने आयोग के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए न तो मामले की जांच की और न ही आयोग को रिपोर्ट भेजी।

सुकमा जिले में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी पाने वाले कोंटा क्षेत्र के 32 कर्मचारियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। सूत्रों के मुताबिक आदिवासियों का फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर गैर आदिवासी समुदायों के दर्जनों लोगों ने विभिन्न शासकीय विभागों में नौकरी प्राप्त कर ली है। सुकमा जिले की कोंटा तहसील में ऐसे फर्जीवाड़ा के मामले ज्यादा हुए हैं। स्थानीय स्तर पर जाति प्रमाण पत्र मामले की जांच नहीं होने पर कोंटा तहसील के निवासी सतवम राजाराव ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को

शिकायत पत्र भेज निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी। सतवम राजाराव की शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने संज्ञान में लिया। आयोग के अनुसंधान अधिकारी एचआर मीणा ने 3 अप्रैल 2023 को सुकमा एवं दंतेवाड़ा कलेक्टर को पत्र जारी कर जांच कराने के निर्देश देते हुए 15 दिवस में जांच रिपोर्ट मांगी थी। चार माह बाद भी जांच रिपोर्ट आयोग भेजी नहीं सकी है। जबकि वर्ष 2011 में ही जाति प्रमाण पत्र फर्जी साबित हो गए थे। शिकायतकर्ता का दावा है कि कोंटा एसडीएम कार्यालय में पदस्थ रीडर भी फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे कुर्सी पर वर्षों से कब्जा जमाए बैठे रहे। कोयाकुटमा समाज के ब्लाक अध्यक्ष गणेश माड़वी ने पूर्व में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जांच कराने की मांग की थी। ज्ञातव्य हो कि सुकमा जिले के कोंटा इलाके में फर्जी जाति प्रमाण के सहारे आदिवासियों के लिए 32 आरक्षित सरकारी पदों पर गैर आदिवासियों ने कब्जा जमा रखा है। फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने वालों में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। ऐसे लोगों की सर्वाधिक संख्या कोंटा तहसील में है। अब इनकी नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है।

जाति प्रमाणपत्र पाए गए थे फर्जी

फर्जी जाति प्रमाणपत्र जारी करने में कोंटा तहसील सबसे आगे है। कोंटा क्षेत्र के ही अधिकांश लोगों ने फर्जी जाति प्रमाणपत्र के सहारे सरकारी नौकरियां पाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2010-11 में तत्कालिन जिला पंचायत सीईओ द्वारा मामले की जांच कराई गई थी। जांच में आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों के जाति प्रमाण पत्र फर्जी साबित होने के बाद उन सभी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया था। कुछ माह बाद ही जुगाड़ जमाकर सभी कर्मचारी अपने पदों पर वापस होने में कामयाब हो गए।

एसडीएम के रीडर भी जांच के दायरे में

फर्जी जाति प्रमाणपत्र के सहारे जिन 36 लोगों ने नौकरी पाई है उनमें कोंटा एसडीएम का रीडर भी शामिल है। इनके भी जाति प्रमाण पत्र का मामला जांच के दायरे में है। इसके साथ ही अनेक पार्षद, शिक्षक, भृत्य भी जांच के दायरे में हैं। खबर है इन कर्मचारियों की जाति मामले में अंतिम निर्णय लेने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है।

आयोग ने कलेक्टर को भेजा पत्र

सुकमा जिले के कोंटा तहसील के इंजरम के ग्रामीण की शिकायत पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने पत्र क्रमांक एनसीएसटी/डीईवी520/सीजी/2/2023 दिनांक 3 अप्रैल 2023 को सुकमा एवं दंतेवाड़ा कलेक्टर को पत्र जारी कर फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामले में जांच रिपोर्ट मांगी थी। खबर है कि 4 माह बाद भी फर्जी जाति प्रमाणपत्र मामले की जांच नहीं हो पाई है। आयोग को झूठी रिपोर्ट भेजे जाने की खबर है।

आयोग को भेज दी है रिपोर्ट

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग से मिले पत्र के अनुसार कलेक्टर के आदेश पर 36 कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट आयोग को भेजी गई है। सभी की अंक सूचियां, वंशावली, जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां भी आयोग को भेजी गई हैं।

गणेश सोरी, सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, सुकमा

सरकार प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए कृत संकल्पित : शर्मा

जगदलपुर/नवप्रदेश। इंदिरा उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा खोले गए खुशियों के पिटारे की सराहना करते हुए मिली सौगात के लिए बस्तर सहित प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों की ओर से हृदय की गहराईयों से आभार जताया है। शर्मा ने कहा कि विधानसभा के आखिरी सत्र में राज्य के मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के लिए राहत की बौछार की है। मानसून सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान राज्य के मुखिया ने न्याय, आए और समृद्धि को आधार बनाते हुए हर वर्ग की आर्थिक उन्नति के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाएं है। अभी तक किसी मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अधिकारियों-कर्मचारियों को इतनी सौगातें नहीं दी है। छत्तीसगढ़ में केन्द्र के बराबर डीए

पहली बार दिया जा रहा है। सभी के लिए सरकार के द्वारा डीए में वृद्धि अप्रत्याशित है।

शर्मा ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों को मिली सौगातों से प्रदेश भर के कर्मचारियों में हर्षोल्लास की लहर है। राजधानी हर्षित कर्मचारियों के भूपेश बघेल जिंदाबाद के गगनभेदी नारों से गूंज उठा है। प्रदेश की भूपेश सरकार ने डीए में वृद्धि करके लाखों कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार सदैव कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए कृत संकल्पित है। आप सभी अपने दायित्वों का लगन से निर्वहन करते रहें। प्रदेश के विकास में किसान, मजदूर, कर्मचारी सभी का योगदान रहा है। कोरोना के समय सरकार ने अधिकारियों-कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ राज्य के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया।

उल्लेखनीय है कि कर्मचारी हित में सरकार ने अनुपूरक बजट में विधानसभा में कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने 4 प्रतिशत डीए वृद्धि, एचआरए के सातवें वेतनमान के आधार पर वृद्धि, संविदा कर्मियों के वेतन में 27 प्रतिशत बढ़ोतरी, दैनिक वेतनभोगियों के वेतन में 4000 रुपए की वृद्धि, पंचायत सचिवों के विशेष भत्ते में 2500 से 3000 रुपए मासिक वेतन बढ़ोत्तरी, पटवारियों को मासिक संसाधन भत्ता, पुलिस आरक्षकों को 8 हजार रुपए किट वार्षिक भत्ता समेत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की, जिसके बाद प्रदेशभर के अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी की लहर है। शर्मा ने कहा कि सरकार के मंशानुरूप आवासहीनों को पक्का आवास देना सरकार की प्राथमिकता है। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2011 की सर्वे सूची के आधार पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की पात्रता निर्धारित होने से जरूरतमंद परिवारों को आवास स्वीकृत करने में काफी कठिनाइयों हो रही थी, इसे दूर करने राज्य के संसाधनों से ग्रामीण आवास योजना आरंभ की जाएगी, इसके लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है।

बस्तर को जोड़ने वाला पुल खस्ताहाल

■ पुल की स्थिति देख दिल्ली से पहुंचे इंजीनियरों ने जताई खतरे की आशंका

■ मालवाहक वाहन बसों के लिए प्रशासन ने तय किया रूट

कांकेर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से सटे ग्राम पंचायत नांदनमारा और माकड़ी के बीच एन एच 30 पर बना पुल रायपुर जगदलपुर का लाइफ लाइन माना जाता है। हजारों की तादाद में रोज़ाना बस ट्रक छोटी छोटी वाहनों सहित दोपहिया वाहनों का आवागमन होता है।

शनिवार की सुबह से ही बायपास से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग में पुलिस ने मोर्चा संभालकर रूट डायवर्ट करते हुए आवागमन बहाल किया गया है। अब यह बताना बेहद जरूरी है कि नांदनमारा पुल का निचला हिस्सा इतना ज्यादा क्षतिग्रस्त हो चुका है की कभी भी गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है!

बताते चलें कि पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद से मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। इस बीच खबर यह आ रही है की पुल के एक ओर निचले हिस्से में बना एक पिल्हर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण पुल में लगा रेलिंग झुक गया है। बताया जा रहा है गुरुवार शुक्रवार करीब दो दिन पूर्व दिल्ली और कांकेर के नेशनल हाइवे विभाग की संयुक्त टीम ने जर्जर पुल का निरीक्षण किया था इस दौरान दिल्ली से पहुंचे इंजिनियरो ने जर्जर पुल को देखते ही खतरे की अंदेशा जाहिर कर तत्काल पुल से आवागमन पर रोक लगाने ज़िला प्रशासन को अवगत करा दिया था।

इंजिनियरो के पुल पर खतरा मंडराने की बात सुनते ही ज़िला प्रशासन सकते ने आ गया चुका है!

पुल पर डामर का लेयर चढ़ाकर बनाया गया वैकल्पिक व्यवस्था शनिवार की सुबह से ही बस्तर को जोड़ने वाली लाइफ लाइन पुल की मरम्मत की प्रक्रिया विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में शुरू किया गया था लेकिन पुल की मरम्मत के नाम पर पुल के ऊपरी हिस्से में डामर का लेयर चढ़ाकर निचले हिस्से में कोई भी मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। जबकि स्थानीय लोगो का कहना है की उक्त पुल काफी पुराना हो चुका है तथा अत्यंत जर्जर हालत में पहुंच चुका है। उक्त पुल की मरम्मत ना करवाकर नए पुल बनाने की जरूरत है लेकिन उक्त पुल पर डामर का लेयर चढ़ाकर निचले हिस्से की अनदेखी से दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

झोलाछाप डॉक्टर ने मरीज को लगा दिया इंजेक्शन, हाथ-पैर सून्न

■ एक वर्ष पूर्व हो चुकी है फार्मासिस्ट की मौत, मृतक के लाइसेंस से चल रहा है मेडिकल स्टोर्स

■ बिना डिग्री के करता है मेडिकल संचालन व झोलाछाप डॉक्टरी

पखांजूर/नवप्रदेश। इन दिनो मेडिकल स्टोर वाले फार्मासिस्ट ही मरीजों का इलाज करने लगा है,अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में फार्मासिस्ट मरीजों के जिन्दगी के साथ खिलवाड़ करने में लगे हुए है,आपको बता दें कि मामला पखांजुर थाना क्षेत्र के मटोली में स्थित मंडल मेडिकल का है जहां पिव्ही नंबर 31 निवासी राजेश सरकार नाम का युवक मंडल मेडिकल में पेट दर्द की गोली लेने गया हुआ था, लेकिन मंडल मेडिकल के संचालक नीतीश मंडल पिता निधिर मंडल व्यक्ति ने पेट दर्द के मरीज राजेश को जबरन अधिक पैसे कमाने की लालच में इंजेक्शन लगा दिया है,इंजेक्शन लगाने की वजह से राजेश चल फिर नहीं पा रहा है ना हो वो बैठ पा रहा है,उसे चलने में परेशानी हो रही है,बता दे कि इंजेक्शन अगर गलत तरीके से लगाया जाता है तो सूजन होकर ऑपरेशन तक का नौबत आ सकता है, जो कि बहुत खर्च की बात है एक महीने तकलीफदायक साबित हो सकता है,अब राजेश उस मेडिकल संचालक के ऊपर

कारवाई करने की मांग कर रहा है,अब सवाल ये उठता है,कि फार्मासिस्ट का काम अधिकृत डॉक्टर के द्वारा जारी किया गया पर्चा देख कर या अल्टरनेट दवाई को मरीजों को बेचना होता है,परंतु फार्मासिस्ट लगातार नियमों का उल्लंघन करते हुए मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ लगातार किए जा रहे है,क्षेत्र में मेडिकल स्टोर के निगरानी के लिए शासन प्रशासन द्वारा ड्रग इंस्पेक्टर की भी नियुक्ति किया गया है ड्रग इंस्पेक्टर की कार्यप्रणाली भी संदेह जनक माना जा रहा है,हालांकि कोयलीबेड़ा ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी ने कहा डॉ.दिलीप सिंह ने मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मरीजों का इलाज करना अनाधिकृत बताया है उन्होंने मटोली स्थित मंडल मेडिकल स्टोर पर करवाई करने की बात की है, उन्होंने बताया कि मामले की जांच के बाद सत्य पाए जाने पर मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रदद किया जाएगा।

हिंसा को लेकर एनएसयूआई ने पीएम और मणिपुर सीएम का पुतला फूंका

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। पिछले ढाई-तीन महीनों से हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हैवानियत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने हर किसी को झकझोर दिया है। इस वीडियो में एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराते दिख रहे हैं और उनके साथ दरिंदगी कर रहे हैं

इस घटना को लेकर पूरे देश में उबाल है जिसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा की केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस का कहना है कि हिंसक घटनाओं को रोकने में भाजपा की केंद्र सरकार पूरी

तरह विफल रही है इसे रोकने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं कीए गए है।

इस घटना से पूरा देश शर्मसार है जिसे को लेकर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के सदस्यों द्वारा चारामा नगर के बस स्टेंड के पास प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मणिपुर के मुख्य मंत्री का पुतला दहन कर जम कर नारे बाजी की गई। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव महेन्द्र नायक ने कहा की मणिपुर मे हुए घटना बहुत हि निंदनीय है वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ के नारे लगाते है वही दूसरी ओर मणिपुर के घटना के आरोपियों पर कोई ठोस कार्यवाही नही किया जाता है इससे यही है भारती जनता पार्टी की सरकार सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ की सरकार है जिसमें प्रमुख रूप से महेंद्र नायक प्रदेश महासचिव एनएसयूआई छत्तीसगढ़, सुधांशु पाण्डेय सदस्य एनएसयूआई ,रानू कमलेश सेन पार्षद, अमृत लाल देवांगन एल्डरमैन ,सत्यजीत यादव एल्डरमैन,अर्जुन देवांगन विधानसभा महासचिव युवा कांग्रेस, टंकू साहू विधानसभा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, देव तिवारी, सुरेंद्र साधवानी, रवि मांगतानी, कैलाश कठोलिया, संकर रावलानी,नवीन मंडावी भूपेंद्र भुआर्या,यश साहू,पंकज यादव, प्रदीप सेन, तेजेंद्र साहू रामकृष्ण प्रजापति,भूपेंद्र देवांगन एवं समस्त एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजयुमो का एमजी वार्ड में मतदाता सम्मेलन

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत कि उपस्थिति में भाजयुमो कांकेर शहर मंडल ने एम.जी वार्ड में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया। जिसमे दर्जनों नवमतदाता ने हिस्सा लिया। जहां उन्हें अभिनंदन पत्रक भर कर उनका इस लोकतंत्र पर्व में हिस्सा लेने के लिए स्वागत किया। साथ ही नवमतदाताओं को इस रुख़ से वाक़िफ़ किया कि उनका एक मत आने वाले जनप्रतिनिधि को चुनने में कितना योगदान रहता है साथ ही कांग्रेस सरकार के विफलताओं और मोदी सरकार की सफ़्ल योजनाओं से उन्हें वाक़िफ़ कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो

प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र नाग, हरिओम साहू मनीष जैन, ज़िला महामंत्री अंशु शुक्ला, संजू साहू ,सशंक सलाम, जयंत अटभैया शैलेंद्र शौरी ईश्वर कावड़े भानु नेतम उत्तम जैन रोशन साहू, मंडल अध्यक्ष घनेंद्र सिंह ठाकुर, महामंत्री पीयूष वलेचा विवेक गुप्ता जतीन अटभैया धर्मेंद्र रजक विक्रांत सर्वा प्रशांत यादव विशाल रमानी पीयूष बैरागी हर्ष युके दीपांशु जैन टीकेश साहू आदि उपस्थित रहे ।

भ्रष्टाचार को लेकर पूर्व मंत्री गागड़ा बिफरे

■ भ्रष्टाचार व स्थानीय मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन

बीजापुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने स्थानीय मुद्दों व जन समस्याओं को मुखरता से उठाते हुए कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी पर हल्ला बोला। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शुक्रवार को बीजापुर के नया बस स्टैंड में भाजपा ने पट्टा वितरण में भेदभाव किए जाने, किसानो से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि की वसूली, देव गुड़ियो में भारी भ्रष्टाचार, शासकीय भवनों में मरम्मत कार्य में भरष्टचार, चेक डेम, इंडोर स्टेडियम, मैदानों में फ्लड लाइट, अनेक मुविरोधद्दों में भ्रष्टाचार को लेकर स्थानीय विधायक का प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं, किसानों व स्थानीय जनता को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने कहा कांग्रेस सरकार किसानों का हितैषी बनने का ढोंग कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि वसूलने लाभान्वित किसानों को अवैध नोटिस भेजा जा रहा है। जिसके दोषी अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अविलंब कार्यवाही हो, पूर्व मंत्री गागड़ा ने स्थानीय विधायक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा बीजापुर में विकास के नाम पर हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार नज़र आता है। विधायक मंडावी अपने चहेते ठेकेदारों के माध्यम से भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहा है। इसका कामयाजा आने वाले चुनाव नज़र आएगा। स्थानीय भर्ती प्रक्रिया में पैसे लेन देन विधायक द्वारा किया जा रहा है। स्थानीय भर्ती प्रक्रिया समाप्त किया गया, बेरोजगार युवाओं को आज दर-दर भटकना पड़ रहा है इसके लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। पूर्व मंत्री ने जिस तरीके से विधायक ने घोटाले किए हैं उसको जनता के सामने रखते हुए कहा कि हाल ही खेल सामग्री में विधायक मंडावी ने बड़ा घोटाला किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी के भ्रष्टाचार को गिनाया है। विधायक विक्रम मंडावी इन पांच सालो में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया। श्री मुदलियार ने कहा कांग्रेस सरकार में केवल भ्रष्टाचार और घोटाले हुए हैं जिस प्रकार 1500 करोड़ चावल घोटाला, पट्टा, बीजापुर और भोपाल पटनम पट्टा वितरण किया तो उसमें भी 50 हजार रुपए अधिक रुपए लिया। उन्होंने जनता को अवगत कराते हुए कहा कि विधायक मंडावी और उनके मुख्य भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आयुष्मान जैसे योजनाओं को वापस किया है। डीएमएफ और केंद्रीय सहायता निधि में भी भारी घोटाले हुए हैं।

कॉलेज की भूमि पर जिला प्रशासन का कब्जा, विरोध शुरू

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शा. दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की भूमि पर जिला प्रशासन के निर्माण का विरोध किया है। एवं महाविद्यालय के प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु आज महाविद्यालय में ज्ञापन सौंपा। अभाविप प्रदेश सह मंत्री राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा की महाविद्यालय परिसर की भूमि पर जिला प्रशासन- शासन के द्वारा भवन निर्माण किया जा रहा है। भविष्य में महाविद्यालय खाली भूमि पर अन्य नए संकाय के भवन जैसे ग्रह विज्ञान महाविद्यालय के बालक/बालिका छात्रावास एवं कक्षाएं का निर्माण करवाना है।

गंजेनार में मनाई गई लक्ष्मण मरकाम की पुण्यतिथि

■ नक्सलियों ने की थी लक्ष्मण मरकाम की हत्या

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अनुसूचित जनजाति मोर्चा दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य व जनपद अध्यक्ष आदरणीय श्री मुन्ना मरकाम जी के भाई स्व लक्ष्मण मरकाम की पुण्यतिथि में उनके गृह ग्राम गंजेनार पहुंच भाजपा अध्यक्ष चैतराम अटामी,जिला महामंत्री द्वय धीरेन्द्र प्रताप,संतोष गुप्ता,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला विनय नाग,जिला मंत्री सत्यनारायण महापात्र,जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी,बचेली मण्डल महामंत्री कामो कुंजाम,कुआकोंडा मण्डल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम एवं युवा मोर्चा दंतेवाड़ा मण्डल महामंत्री निखिल नाग ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मरकाम परिवार द्वारा ग्राम गंजेनार में हर वर्ष लक्ष्मण मरकाम की

पुण्यतिथि मनायी जाती है ,नक्सलियों ने लक्ष्मण मरकाम की निर्मम हत्या की थी,गंजेनार चौक में स्थित है लक्ष्मण मरकाम की मूर्ति जिसका अनावरण मरकाम परिवार ने लक्ष्मण मरकाम के नक्सलियों द्वारा हत्या किये जाने के पश्चात स्मृति में किया था और हर वर्ष की भांति मरकाम परिवार लक्ष्मण मरकाम की पुण्यतिथि पर उनके स्मृति चिन्ह पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद करता है।

सहारा इंडिया में जमा पैसे अब निवेशकों को जल्द मिलेंगे : मटियारा

■ केंद्र सरकार व सांसद अरुण साव का जताया आभार

कांकेर/नवप्रदेश। तत्कालीन भाजपा सरकार में राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त रहे पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा ने सहारा इंडिया में फंसे निवेशकों के करोड़ों रुपये की वापसी का मार्ग प्रशस्त होने पर केंद्र सरकार तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। श्री मटियारा ने बताया कि सहारा इंडिया के निवेशकों एवं अभिकर्ताओं की समस्याओं का शीघ्र निराकरण की मांग बिलासपुर सांसद अरुण साव ने लोकसभा में रखा था। श्री साव ने लोकसभा में नियम 377 के तहत इस मुद्दे को उठाया था। उन्होंने लोकसभा में कहा था कि छग एवं देश के लाखों लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा

सहारा इंडिया के विभिन्न योजनाओं के तहत जमा कराये हैं परन्तु आज वे अपने जमा पैसे को वापस प्राप्त करने के लिए दर दर की ठोकर खाने मजबूर हैं। सहारा ने सेबी के खाते में 24 हजार करोड़ की राशि जमा कर दिया है किंतु निवेशकों को उनकी राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे निवेशकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस विवाद के कारण हजारों अभिकर्ताओं के सामने जीवन यापन का संकट उठ खड़ा हुआ है।श्री भरत मटियारा ने कहा कि सांसद अरुण साव के प्रयास से ही आज लाखों निवेशकों का सहारा इंडिया में फंसे करोड़ों रूपये की राशि वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लोकसभा में निवेशकों की समस्याओं व परेशानीयों को श्री साव ने प्रभावी ढंग से सामने रखा। इसी का परिणाम रहा कि केंद्र सरकार ने राशि वापसी कराने रिफंड पोर्टल का शुभारम्भ किया है। इससे सहारा इंडिया में अपनी गाढ़ी कमाई इन्वेस्ट करने वाले निवेशकों को राहत मिली है। इसके जरिये पैसों की वापसी बेहद आसान होगी और 45 दिनों में निवेशकों को अपना फंसा हुवा रकम मिल जायेगा। इस प्रक्रिया के लिए निवेशकों को किसी एजेंट के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि घर बैठे मोबाइल कंप्यूटर से ही आसानी से आवेदन कर सकेंगे।

डाइट में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण शिविर आयोजित

■ संकुल प्राचार्यों को दिया गया प्रशिक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। संकुल प्राचार्यो का केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) कांकेर में दिया गया। प्रथम दिवस तीन विकासखण्ड के 112 और द्वितीय दिवस चार विकासखण्ड के 115 संकुल प्राचार्य प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण का उद्देश्य संकुल केंद्रों को सुदृढ़ बनाने सभी संकुल प्राचार्यो को नई शिक्षा नीति का परिचय देते हुए इनके प्रमुख घटक जैसे- एन.सी.एफ, एफ.एल.एन., ईसीसीई और एच.पी.सी. एवं अन्य महत्वपूर्ण घटकों को शैक्षिक समन्वय एवं प्रधान पाठक तथा शिक्षकों तक पहुँचाने और प्रभावी तरीके से उक्त घटकों का जमीनी स्तर पर सफलतातापूर्वक क्रियान्वयन कराने हेतु समझाइश दी गई।

डाइट के प्राचार्य आनंद कुमार गुप्ता ने प्राथमिक शिक्षा में विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता विकास हेतु संचालित शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण प्रभारी बालाराम सिन्हा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण की आवश्यकता और उद्देश्य पर चर्चा करते हुए शैक्षिक नेतृत्व प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी।

रमन ने शराब की खपत बढ़ाई भूपेश ने कम किया

रमन सिंह से कांग्रेस का दस यक्ष प्रश्न, भूपेश सरकार में अंग्रेजी 15% और देशी में 10% की कम खपत

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ में शराब की खपत में कमी आई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सरकार ने छत्तीसगढ़में शराब का सरकारीकरण कर प्रदेश में शराब की खपत को बढ़ावा दिया। भाजपा सरकार का उद्देश्य शराब से राजस्व को बढ़ाकर ज्यादा मुनाफा कमाना था। रमन राज छत्तीसगढ़ प्रति व्यक्ति शराब की खपत में गोवा के बाद पहले नंबर पर था, कांग्रेस सरकार के पांच सालों में प्रति व्यक्ति शराब की खपत में छत्तीसगढ़ 18वें नंबर पर आ गया है। राज्य में शराब की खपत कम करने कांग्रेस सरकार ने 100 से अधिक शराब दुकानों को बंद किया। आज छत्तीसगढ़में 2018 की अपेक्षा अंग्रेजी शराब की खपत में 15 फीसदी और देशी शराब की खपत में 10 प्रतिशत की कमी आई है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ को शराब मुक्त करने के लिये प्रतिबद्ध। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनजागरण और शराब की खपत को हतोत्साहित करने का परिणाम है कि जो छत्तीसगढ़ रमन राज में प्रति व्यक्ति शराब की खपत में गोवा के बाद पहले नंबर पर था वह अब 18वें नंबर पर है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि हम छत्तीसगढ़ में नोटबंदी के समान शराब बंदी नहीं लागू करेंगे ताकि इसके दुष्परिणाम सामने आये। इसके लिये जनजागरण चलाकर लोगों की शराब की लत छुड़वा कर शराब बंदी लागू की जायेगी ताकि 7 राज्यों से घिरे छत्तीसगढ़ में शराब बंदी एक अभिशाप के रूप में सामने न आये।

रमन सिंह से कांग्रेस के सवाल

1. शराब का सरकारीकरण क्यों किया था? आखिर वह कौन से कारण थे जिसके चलते शराब बिक्री का व्यवसाय निजी हाथों से छीनकर सरकारी हाथों में लेना पड़ा?
2. रमन राज के 15 साल में प्रदेश में शराब की दुकानों की संख्या में 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी क्यों हुई थी? शराब की दुकाने ज्यादा खोलने के पीछे का आपका मकसद क्या था?
3. 2017 में यह बयान था कि भले चुनाव हार जाऊं लेकिन शराब बंदी लागू करूंगा, फिर क्यों शराब बंदी नहीं लागू किया था?
4. रमन सिंह के सरकार में होटल, बार में शराब परोसने के लिये बच्चियों, बेटियों को ट्रेनिंग क्यों दी जा रही थी?
5. छत्तीसगढ़ की शराब नीति में बदलाव क्यों किया था? इससे किसको फायदा पहुंचा था?
6. क्या यह सच नहीं है कि रमन सिंह ही के शासनकाल में शराब से मिलने वाला राजस्व 400 करोड़ रूपए से बढ़ते-बढ़ते 5000 करोड़ के आसपास पहुंच गया था? शराब बिक्री की इस अप्रत्याशित वृद्धि की वजह क्या थी?
7. प्रदेश की जनता यह भी जानना चाहती है कि रमन सरकार में शराब बिक्री के सरकारीकरण होते ही बियर का एक विशेष ब्रांड ही हर दुकान में क्यों बिकता था और उस ब्रांड का भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ क्या संबंध है?
8. 4400 करोड़ के शराब घोटाला के बारे में कोई जवाब क्यों नहीं देते?
9. एक ही अधिकारी को संविदा बढ़ाकर 9 साल तक शराब के कारोबार का जिम्मा क्यों देकर रखा था?
10. रमन मंत्रिमंडल की बैठक में आपके सहयोगी मंत्री प्रेमप्रकाश पांडे ने कहा था शराब की कमीशन के हर साल मिलने वाला 1500 करोड़ किसके पास जायेगा? रमन सिंह जी बताईये यह 1500 करोड़ की रकम प्रतिवर्ष किसकी जेब में गयी?

ओपी चौधरी भूल गए हैं कि वो खुद नौकरी छोड़ कर भागे थे

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी अपना अनुभव बता रहे है। रमन सरकार के दौरान ओपी चौधरी कलेक्टर की नौकरी छोड़ कर भागे थे इससे ही समझ में आता है कि उस दौरान अधिकारियों के ऊपर कितना अनैतिक दबाव रहा होगा। चौधरी जैसे कई अधिकारियों ने रमन भाजपा सरकार के दबाव में नौकरी से त्यागपत्र दिया था कुछ अधिकारी कर्मचारी विवश होकर आत्मघाती कदम उठाये थे। बिलासपुर एसपी राहुल शर्मा की आत्महत्या की घटना प्रदेश भुला नही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि यूपीएससी में चयनित युवाओ का राजधानी में वर्कशॉप का आयोजन होना स्वागतयोग है। इससे नए युवाओं को जानकारी मिलेगी मार्गदर्शन होगा इसे भाजपा के पेट में दर्द क्यों हो रहा है? असल में भाजपा छत्तीसग? के हर मामले का विरोध कर अपने विपक्ष में होने का एहसास कराती है लेकिन वह भूल जाती है उनके इस प्रकार के विरोध प्रदर्शन से जनता में भाजपा की छवि धूमिल होती है। पूरा प्रदेश ने देखा 15 साल के रमन सरकार के दौरान अधिकारी कर्मचारी तानाशाही के शिकार थे। किसान, शिक्षाकर्मी, नर्स, स्कूल के छात्रों के ऊपर लाठीचार्ज हुआ था। 15 साल में सीधी भर्तियां नहीं होती थी, रमन सिंह और उनके रिश्तेदार कुछ चाटुकार अधिकारियों के चलते पूरा अधिकारी हताश परेशान थे, कलेक्टर के ऊपर 8 पास संघ के नेताओं को सलाहकार बनाकर रखा गया था। भाजपा में जाने के बाद ओपी चौधरी न घर के रहे न घाट के कलेक्टर की नौकरी गई जनता ने चुनाव में खारिज कर दिया अब भाजपा में उनकी पूछ परख खत्म हो रही है तब इस प्रकार से बयानबाजी देकर मीडिया में बना रहना चाहते है।

राजनीतिक नौटंकी

भाजयुमों के व्यापम घेराव को राजनितिक नौटंकी करार देते हुये प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के पास मुद्दे नहीं है। भाजपा के नेताओं ने एक नई परंपरा शुरू की है एक लकीर खींची जब-जब जिस विभाग में बेहतर काम होता है अच्छा काम होता है तो भाजपा के नेता वहां जाकर विरोध करते हैं जनता में गलत धारणा बनाने के लिए इस प्रकार से प्रदर्शन करते हैं व्यापम के खिलाफ प्रदर्शन करना इनके मानसिक दिवालियापन की निशानी है व्यापम पारदर्शी तरीके से युवाओं को सरकारी नौकरी के अवसर प्रदान कर रही है व्यापम के माध्यम से 14580 पदों की भर्ती हुई अभी विभिन्न विभागों में हजारों पदों में भर्ती हो रही है प्रोफेसर की भर्ती व्यापम ने किया। भाजपा के नेताओं को समझ नहीं आ रहा है कि क्या मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाए इसलिए मनगढ़ंत और काल्पनिक मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं इसके पहले पीएससी के खिलाफ उन्होंने षड्यंत्र रचा था अब व्यापम के खिलाफ प्रदर्शन करके अपनी मनोदशा का परिचय दे रहे हैं भाजपा प्रदेश में मुद्दाविहीन है।

भाजपा के जवाब पर बैज का पलटवार

■ रमन राज के 15 साल में चौतरफा लूट मची थी गरीबों का जीना दूभर था - दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के बयान पर जवाबी हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ के गांव, गरीब, किसान, महिलाएं, सयान और जवान खुशहाल हैं। भाजपा के शासन काल में हालात बद से बदतर थे। चौतरफा लूटमार मची थी। गरीबों का जीना दूभर था। महिलाओं बेटियों की आबरू सामूहिक रूप से लूटी जाती थी। झलियामारी कांड होते थे। आंखफोड़वा कांड होते थे। गर्भाशय कांड होते थे। नक्सल हिंसा चरम पर थी और निर्दोष आदिवासियों पर जुल्म ढाए जाते थे। उनके घरों की महिलाओं से पुलिस दुष्कर्म करती थी। बदलाव के वादे के साथ सत्ता में आई कांग्रेस ने हालात बदल दिए हैं। अब छत्तीसग? में कानून का राज चल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा जहां भी सत्ता में होती है, वहां वर्ग संघर्ष कराती है। फूट डालो, राज करो की नीति अंग्रेजों के मुखबिरों के डीएनए में कूट कूट कर भरी हुई है। आज मणिपुर जल रहा है, इनकी वहां की राज्य सरकार और केंद्र सरकार तमाशा देख रही है। महिलाओं से दुष्कर्म हो रहा है। देश की सबसे बड़ी अदालत इन्हें सख्त चेतावनी दे रही है और ये मणिपुर पर बात करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे तो खोखली दलीलें दे रहे हैं। सियासी ड्रामा खेलने में तो भाजपा का शीर्ष नेतृत्व व्यस्त है। मणिपुर में शांति बहाली की जिम्मेदारी पूरी करने की जगह इनके मोदी और शाह घटिया राजनीति कर रहे हैं। भाजपा का नजरिया हमेशा से नकारात्मक ही रहा है। यह नफरत की राजनीति करती है। छत्तीसगढ़ में भी इसके प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव यही कर रहे हैं। कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार के काम का मुकाबला भाजपा नहीं कर पा रही, इसलिए मोदी तक से झूठ का पहाड़ा पढ़वाया जा रहा है। भाजपा ने 15 साल तक छत्तीसगढ़ की जनता से छल किया। वादाखिलाफी की। 2003 में किये वादे 2018 तक पूरे नहीं किये। अब छत्तीसगढ़ में विकास, बेहतर शिक्षा, शांति-व्यवस्था, सुरक्षा, बेहतर स्वास्थ्य है तो भाजपा अपने गंदे पैरों को देखकर आंसू बहा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार ने अपने डेढ़ दशक के पूरे कार्यकाल में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ अन्याय किया। किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं के साथ धोखेबाजी की। जनता को लूटने चिटफंडियों के दलाल बने। जनता के राशन में अरबों रुपये का घोटाला किया।

छत्तीसगढ़ का हीरा और सोना प्रदेश से बाहर नहीं ले जाने देंगे : अमित जोगी

■ सरकार द्वारा हीरा और सोने की तीन खदानों की नीलामी के लिए जारी टेंडर का किया विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। भूपेश बघेल सरकार द्वारा 3000 हेक्टेयर में फैली छत्तीसगढ़ की दो सोने की खदान और एक हीरे की खदान की नीलामी के लिए 06 जुलाई 2023 को जारी किये गए टेंडर का जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने कड़ा विरोध किया है।

जेसीसीजे अध्यक्ष अमित जोगी ने इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूर्व में अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह ने भी हमारे प्रदेश की धन संपदा को बाहरी हाथों में देने का फैसला लिया था जिसका उस समय स्व. अजीत जोगी ने कांग्रेस पार्टी में रहते हुए भी पुरजोर विरोध किया था। छत्तीसगढ़ के पृथक राज्य बनने के बाद वर्ष 2001 में छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में स्व. अजीत जोगी ने इस पूरे करार को रद्द कर दिया था। अमित जोगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब अपने कार्यकाल के अंतिम 3 महीनों में यह सरकार छत्तीसगढ़ का हीरा और सोना भी लूट कर ले जाना चाहती है। जेसीसीजे राज्य सरकार के ये मंसूबे कभी पूरे नहीं होने देगी। अमित जोगी ने कहा कि यदि सरकार को प्रदेश में हीरे और सोने का खनन करना ही है तो यह कार्य सार्वजनिक क्षेत्र के किसी उपक्रम द्वारा छत्तीसगढ़ के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए किये जाना चाहिए न कि किसी निजी क्षेत्र की कंपनी द्वारा। जोगी ने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार को छत्तीसगढ़ की धरती का दोहन करने का लाइसेंस देने वाले इस टेंडर को तत्काल रद्द करना होगा अन्यथा जनता कांग्रेस छत्तीसग? (जे) हमारे प्रदेश की अस्मिता को बचाने के लिए सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को विवश होगी जिसकी पूरी जवाबदारी राज्य सरकार की होगी। जेसीसीजे किसी भी कीमत पर छत्तीसगढ़ का हीरा और सोना बाहरी व्यक्तियों को छत्तीसगढ़से बाहर नहीं ले जाने देगी।

धरसीवां में 'आप' की बदलाव यात्रा की शुरुआत

खरोरा/नवप्रदेश। विधानसभा धरसीवा में बदलाव यात्रा की शुरुआत प्रदेश सह प्रभारी हरदीप सिंह मुंडिया विधायक पंजाब सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पंचायत खरोरा से शुरुआत हुई जिसमें आम आदमी पार्टी के नेता लोकसभा अध्यक्ष विजयगुरु बक्क्षाणी जिलाध्यक्ष नंदन सिंह की गरिमामयी आतिथ्य में बदलाव यात्रा का शुभारंभ खरोरा में हुआ। आम आदमी पार्टी के नेत्री ललिता दीदी ने बदलाव यात्रा को लेकर जानकारी दिया जी पूरे विधानसभा में गांव गांव गली गली मोहल्ले मोहल्ले बदलाव यात्रा की जाएगी। बदलाव यात्रा में पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल एवं भगवंत मान साहब की आम आदमी पार्टी की सरकार के शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी नागरिक सुविधा फ्री तीर्थ यात्रा महिलाओं की फ्री बस सुविधा महिलाओं को पेंशन युवा बेरोजगारों को भत्ता बेरोजगारों के लिए रोजगार के समुचित प्रबंधन को जन जन तक बदलाव यात्रा के माध्यम से धरसीवा विधानसभा केहर आम नागरिकों तक पहुंचाने की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में एक मौका केजरीवाल को लेकर जनता से अपील करने की बात कही बदलाव यात्रा में आम आदमी पार्टी के नेत्री ललिता मांडेकर के अगुवाई में धरसींवा विधानसभा से लगभग 200 से 300 कार्यकर्ता बदलाव यात्रा में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव को देखते हुए आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के लिए बदलाव यात्रा की शंखनाद कर दी है। विधानसभा धरसीवा से बदलाव यात्रा को सफल बनाने में ललिता मांडेकर श्री राम किशोर सेन, अजय वर्मा, संतोष दुबे, सुनील वर्मा विशाल मैरिसा तेजेंद्र चंद्राकर अनिल कुमार साहू राजेश्वर सूर्यवंशी महेंद्र साहू भोलाराम ध्रुव जितेंद्र कुर्रे श्रीमती सावित्री लक्ष्मण यादव रमेश वर्मा राजेश कुर्रे प्रदीप मंडलेश्वर आदि कार्यकर्ता क्रांतिकारी पदाधिकारी साथियों एवं आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता साथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

भाजपा शासन में हुआ आदिवासी महिलाओं के साथ अनाचार : वंदना

■ मणिपुर की घटना शर्मनाक और मानवता को तार-तार कर देने वाली

रायपुर/नवप्रदेश। मणिपुर की घटना पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि इस हृदय विदारक घटना को देखकर हृदय में बहुत पीड़ा हो रही है। मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घूमाया जाता हैं और सामूहिक बलात्कार किया जाता है वह बेहद शर्मनाक और मानवता को तार-तार कर देने वाला है। और ना जाने कितनी ऐसी घटनाएं घटी होगी जिनको सामने भी नहीं लाया गया है। मणिपुर में हुई घटना से पूरा देश स्तब्ध है यही है भाजपा पाखंडियों का विकास मॉडल इस अत्यंत नाकाम और अराजकतावादी सरकार ने सारी हदें पार कर दी है लेकिन नरेंद्र मोदी और मणिपुर सरकार को बिल्कुल भी शर्म नहीं आती।

पिछले 90 दिनों से मणिपुर में हिंसा हो रही थी प्रधानमंत्री जी, मणिपुर के भाजपा के राज्य सरकार मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे थे। नरेंद्र मोदी जी आज पूरे देश पूछ रहा है बेटी बचाओ का जो नारा था क्या भारत वासियों के लिए यह चेतावनी था आज बेटियों का अस्तित्व ही संकट में आ गया है महिलाएं अपने आप को यहां सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है महिलाओं के मन में बार-बार यह प्रश्न उठता है कि क्यों भाजपा के शासन में ही बेटियों के साथ इतना अत्याचार और अनाचार होता है भाजपा के नेताओं के द्वारा बेटियों के गुनहगार को बचाया जाता है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के रमन राज में आदिवासी महिला मीना खलखो कांड को देश भुला नहीं है शायद इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी मणिपुर के बारे में बयान दिया तो छत्तीसगढ़ का भी जिक्र किया गया। आज पूरी देश जानना चाहती है क्यों भाजपा के शासन में आदिवासी महिलाओं के साथ

इतना दुराचार और अनाचार किया जा रहा है और नरेंद्र मोदी जी अपनी नाकामी छुपाने के लिए देशवासियों के ध्यान भटकाने के लिए इधर उधर का बयान देते घूमते हैं। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि मणिपुर की घटना में सर्वोच्च न्यायालय को कहना प?ा कि संवैधानिक लोकतंत्र में औरतों को हथियार की तरह इस्तेमाल कर देने को स्वीकार नहीं किया जा सकता और अगर केंद्र सरकार और मणिपुर के राज्य सरकार इस मामले में कार्यवाही नहीं करती तो हम करेंगें इससे बड़ा भाजपा नेताओं के गाल पर और क्या तमाचा हो सकता है।

बीजेपी विधायक बृजमोहन बोले, ये सरकार है या सर्कस

■ शराब, कोयला, रेत सीमेंट सब में भूपेश टैक्स

रायपुर/नवप्रदेश। अविश्वास प्रस्ताव पर विपक्ष की ओर से भाषण की शुरुवात करते हुए भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार के ऊपर तीखे हमले किए व कहा की यह सरकार है या सर्कस। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूवात करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा सरकार जब गूँगी हो जाती है, बहरी हो जाती है।

राज्य का नौजवान जब निर्वस्त्र हो जाता है तो कैसी स्थिति होती है? सड़कों पर लोग निर्वस्त्र होकर घूम रहे है। क्या पूरा इंटेलिजेंस नपुंसक हो गया? ऐसी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाये तो और क्या लाये। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा ये अंग्रेजों से भी बदत्तर सरकार है, जिसने नग्न प्रदर्शन करने वाले युवाओं को ही जेल भेज दिया अनुसूचित जाति के युवाओं को नैतिकताविहीन कहकर आप सब अपमान कर रहे है। अग्रवाल ने कहा की ऐसी घटना की नौबत क्यों आई, देश के इतिहास में क्या कभी ऐसी कोई घटना घटित हुई है। युवाओं के खिलाफ़ बलवा सहित अनेक गंभीर अपराधिक धाराएं लगाई गई है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। अग्रवाल ने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार में के मामलो में निर्वस्त्र हो गई है। गांव, ग़रीब, किसान, मजदूर के बच्चो के पीएससी में चयन नहीं हुआ। नेताओ व अधिकारियों के बच्चो का चयन हुआ है।सरकार के मंत्रियों को शर्म आनी चाहिए। इस सरकार में तुगलकी शासन चलता है। ये सरकार अन्तर्द्वन्द की सरकार है। पहले ढाई ढाई साल, अधिकारी इंतज़ार करते रह गये कि किसकी सुननी है

और किसकी नहीं। मुख्यमंत्री को मंत्री पर भरोसा नहीं, मंत्री को मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं। मुख्यमंत्री को अपनी पार्टी के अध्यक्ष पर ही भरोसा नहीं रहा। तीस फ़ीसदी वनवासियों की आबादी है। उन्हें ही ताश के पत्तों की तरह फेंटा जा रहा है। प्रदेश में वर्ग संघर्ष पैदा करने की कोशिश की जा रही है। क्या इससे छत्तीसगढ़ का विकास होगा? अग्रवाल ने कहा कि लोगों की मूलभूत आवश्यकता होती है कि उन्हें भोजन मिले, घर मिले, पानी मिले, स्कूल मिले, स्वास्थ्य सुविधा मिले। आवास योजना के लिए प्रधानमंत्री ने बारह हज़ार करोड़ भेजा था, लेकिन 16 लाख ग़रीबों के सिर से छत छीनने का काम भूपेश बघेल सरकार ने किया। दस हज़ार गाँवों में से सिर्फ़ 1,600 गाँवों में जल जीवन मिशन पहुँचा है। 74 हज़ार स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं।स्कूलों की छत से पानी टपक रहा है। मेंटनेस नहीं हो रहा। स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में देश के 36 राज्यों में 34 वे स्थान में है ये है आपका परफार्मेंस।

अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट भाषण में कहा गया था कि राज्य के सरकारी हॉस्पिटल में कैश काउंटर बंद होगा। क्या हुआ? यूनिवर्शल हेल्थ कार्ड का क्या हुआ? शहरी भूमिहीन ग़रीबों को पट्टा देने की बात सरकार ने की थी, आज तक नहीं दिया गया? नया रायपुर में विश्व स्तर का स्कूल और हॉस्पिटल बनाये जाने का वादा किया गया था क्या हुआ? दिल्ली की जवान ज्योति को शिफ्ट करने पर मुख्यमंत्री ने आपत्ति जताई थी और कहा गया था कि छत्तीसगढ़ में बनाया जाएगा लेकिन क्या हुआ? वर्धा जैसा सेवा ग्राम बनाने की बात कही गई थी क्या हुआ? अग्रवाल ने कहा कि राज्य में शराब का घोटाला हुआ। पीने वालों को लेवी के साथ ज्यादा रेट में शराब लेना पड़ता है।

सरकारी जमीनों पर कब्जा

भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा में रायपुर में संतोषी नगर, मठपुरैना, भाठागांव, चंगोराभाठा, बोरिया खुर्द, कुशालपुर क्षेत्र में शासकीय भूमि/ गिट्टी खदानों को पाटकर अवैध प्लाटिंग व क्रय-विक्रय का मामला उठाया। 2022 से जून 2023 तक कब-कब, क्या -क्या शिकायतें प्राप्त हुई? क्या जांच कराई गई जांच में क्या पाया गया और क्या-क्या कार्यवाही की गई है? क्षेत्र में कितनी खदानें कौन-कौन से खसरा व कितने रकबे में स्थित थी और वर्तमान में इन खदानों की अद्यतन स्थिति क्या है? गिट्टी खदान बंद होने के बाद उनकी वैधानिक स्थिति क्या थी और क्या शासन ने गिट्टी खदानों को पाटने का आदेश दिया है, यदि हां तो किसे, किन नियमों के तहत? नहीं तो खदानों को पाटने वालों के खिलाफ क्या क्या कार्यवाही की गई? शासकीय जमीनों पर प्लाटिंग व क्रय विक्रय करने के दोषी लोगों के खिलाफ क्या एफ.आई.आर. करायी गयी है? यदि हां तो कितने और किस-किस व्यक्ति के खिलाफ, नहीं तो क्यों? प्रकरण में पूर्व में मंत्री द्वारा जांचकर कार्यवाही का आश्वासन भी दिया गया था, यदि हां तो कब व क्या कार्यवाही की गई? राजस्व मंत्री ने बताया कि शिकायत मिली है विधायक बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित करते हुए शिकायत की गई थी। जिसमें सरजूबांधा तालाब, टिकरापारा व सरजुबांधा शमशान घाट, मठपुरेना संतोषी नगर, भाठागांव एवं चंगोराभाठा में खदान के जमीन की बंदरबाट एवं कब्जे का उल्लेख है तथा 5/05/2023 को आयुक्त नगर निगम रायपुर को शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच के संबंध में तहसीलदार, रायपुर एवं अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर एवं रा.नि. द्वारा मौका निरीक्षण किया गया तथा तहसीलदार रायपुर के प्रकरण क्र. 202307113400004/ब-121/ वर्ष 2022-23 दर्ज कर निर्माण कार्य को रोकने हेतु स्थगन आदेश जारी किया गया है। सम्पूर्ण भूमि का विस्तृत जांच हेतु राजस्व निरीक्षकों की टीम गठन किया गया है। अवैध निर्माण को हटाने की कार्यवाही नगर निगम रायपुर एवं राजस्व विभाग रायपुर द्वारा संयुक्त रूप से 10/06/2023 को किया गया है क्षेत्र में, छत्तीसगढ़ राज्य गठन पश्चात् कोई खदान स्वीकृत नहीं की गई है।

भविष्य और उम्मीद की बात

संभाग स्तरीय युवा संवाद

रायपुर संभाग से शुभारंभ

सुबह 10 बजे, रविवार, 23 जुलाई 2023
सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर

युवाओं के अनुभव सुनने और
नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण में युवाओं
की भागीदारी पर चर्चा के लिए
अब युवाओं से मिलेंगे
मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल



संवाद - 37823

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in